


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने संन्यास का ऐलान किया | सम्पादकीय | युद्ध विस्तार की आशंका | नाइजीरियाई शतरंज चैम्पियन ने 60 घंटे शतरंज 5



वर्ष 18 ● अंक 66 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# कांग्रेस ने देश को खोखला किया : मोदी

### जालोर में आयोजित चुनावी सभा में बोले प्रधानमंत्री

आर.एन.एस.



**जालौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस के इतने हाल खराब है भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, घरेलू गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। मोदी ने भीनमाल (जालोर) में रविवार को 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित किया।

मोदी बोले- जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस (इंडिया गठबंधन) बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले कट गई है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। कई राज्य हैं, जहां ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा- इस लोकसभा के चुनाव में देश में पच्चीस प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अगर जिसमें चुनाव के पहले इतनी लड़ाई चल रही है तो चुनाव के बाद लूट के लिए कितनी ज्यादा लड़ाई लड़ेंगे, इसकी कल्पना कर सकते हैं। क्या ऐसे लोगों को इतना बड़ा देश सुपुर्द कर सकते हैं क्या।

**कांग्रेस की नीयत ही नहीं रही कि लोगों को पानी मिले**

कांग्रेस की कभी नीयत नहीं रही कि किसानों को पानी मिले। उनके जीवन का सबसे बड़ा संकट समाप्त हो। इसका एक उदाहरण है, सालगांव बांध परियोजना, ये साढ़े 4 दशक पहले तब बनी थी जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी। लेकिन ये योजना कभी पूरी नहीं हुई, जमीन पर उतरी ही नहीं। उस समय अगर ये बांध बन जाता तो 30 लाख से भी कम की लागत आती। इस वक्त इसे बनाने में 250 करोड़ तक लागत पहुंची है। अब भाजपा सरकार इसे पूरा करवा रही है।

# लालू और उनके बेटे कांग्रेस की गोदी में बैठे हैं : अमित शाह

आर.एन.एस.



**कटिहार।** बिहार के कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- लालू यादव और इनके बेटे कांग्रेस की गोद में जाकर बैठे हैं। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने पिछड़ा समाज को आरक्षण देने वाली काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया था।

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने देश से परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को समाप्त किया है। उन्होंने हर वर्ग, हर व्यक्ति का विकास किया है। वर्षों से कांग्रेस पार्टी और इनके साथी लालू कहते थे, गरीबी हटाओ, लेकिन गरीबी नहीं हटी। मोदी ने मात्र 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

उधर, कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को ऐलान किया है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो नागरिकता संशोधन कानून को रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 को भी निरस्त किया जाएगा।

# यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है: डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा, सतना, दमोह एवं टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान छतरपुर में रोड शो में भी शामिल हुए







**रीवा, सतना, दमोह, टीकमगढ़।** हमारे देश के साधु-संत भगवा पहनते हैं। वे संस्कृति की रक्षा करते हैं। भाजपा भी हमेशा से भगवा की पक्षधर रही है। अब दूरदर्शन के लोगों में भगवा रंग हो गया तो कांग्रेस के लोग उस पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से नफरत रही है। वर्षों तक हमारे देश पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भी जो पाप और काम नहीं किए उन कामों को करने का पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। 500 साल से बाहर बैठे भगवान श्रीराम को 70 सालों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मंदिर में विराजमान नहीं करवा सकी। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस देश में रह रहे हैं, जहां गीता, गंगा और गौ माता को पूजा जाता है और उनके कारण ही दुनिया में भारत की संस्कृति जीवित है, हमेशा पूजती रही और अब उस संस्कृति एवं भारत माता की आन, शान बान को बचाने के लिए उनके पीछे 56 इंच का सीने लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी खड़े हैं। यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री जनार्दन मिश्रा के समर्थन में सेमरिया विधानसभा, सतना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री गणेश सिंह के समर्थन में अमरपाटन विधानसभा, दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री राहुल लोधी के समर्थन में बण्डा विधानसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के समर्थन में छतरपुर में आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की एवं जनसभा को भी संबोधित किया। सेमरिया में आयोजित जनसभा को उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला ने भी संबोधित किया।

### कदम-कदम पर कांग्रेस ने अड़ंगे लगाए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमारे अपने देश को लजाने का काम करते हैं और वोट मांगने सबके पास जाते हैं। ये नादान कांग्रेस के लोग थे, जिन्होंने भगवान श्रीराम के आमंत्रण को भी ठुकराया। वे अयोध्या में दर्शन करने अंदर नहीं आए। भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे और कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक देश पर राज किया, लेकिन ये भगवान श्रीराम को मंदिर में विराजमान नहीं करवा पाए। कांग्रेस को जितना हिंदू समाज और मुस्लिम समाज को परेशान करना था कर लिया। वे भगवा का भी अपमान करते हैं। ये केवल भगवा का अपमान नहीं, यहां के देशभक्त मुसलमान को भी हिंदू-मुसलमान में लड़ाने का प्रयास करते हैं। श्रीराम मंदिर को लेकर देश में जब-जब दंगे हुए। कांग्रेस की सरकार में दंगे हुए। कश्मीर के अंदर 40 हजार से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है। ये हत्या का कलंक कांग्रेस के माथे पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेस के अतीत को देखेंगे तो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय किसी ने स्थापित किया तो तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष पंडित मदन मोहन मालवीय ने स्थापित किया था। बाल गंगाधर तिलक भी कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, उन्होंने जगह-जगह भगवान गणेशजी के लिए गणेश उत्सव की स्थापना कर दी और वर्तमान कांग्रेस तो सनातन धर्म को ही बदनाम करने में जुटी हुई है।

### कांग्रेस के पास सोच और लीडरशिप दोनों का अभाव है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 1857 की लड़ाई हिंदू-मुस्लिम दोनों ने मिलकर लड़ी, लेकिन अंग्रेजों ने फूट डालने का बीज डाला। धीरे-धीरे कांग्रेस ने अपनी गलतियों को याद करने के बजाय देश को ऐसे मुकाम पर लाकर छोड़ दिया है, जहां लीडरशिप का अभाव है, सोच का अभाव है। उन्होंने कहा कि बंद पड़ी बस को अगर चालू करना है तो समझदार लोग पीछे से धक्का लगाएंगे और ड्राइवर साहब खटर-पटर करेंगे। हो सकता है बस चालू हो जाए, लेकिन कांग्रेस की बस ऐसे खड़ी है कि जिसमें डीजल-पेट्रोल तो था। धक्का 4 आगे से लगा रहे हैं और 4 पीछे से। उनको समझ में नहीं आ रहा, बस चलेगी कैसे..? ये नादान की दोस्ती जी का जंजाल है।

# गुना में भगवान महावीर स्वामी की रथयात्रा में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूजा अर्चना की







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**गुना।** केंद्रीय मंत्री और गुना से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए गुना आए हैं। कल आदिवासी क्षेत्रों में जन सभाएं करने के बाद आज सुबह-सुबह जब वे गुना से निकले तो रास्ते में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा को देखकर उन्होंने अपना काफिला रोक दिया और गाड़ी से उतरकर महावीर स्वामी की जयंती यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी की आरती की और जैन समाज के लोगों से खुलकर बातचीत भी की, जिससे समाज के भाई-बहनों को बहुत खुशी हुई।






श्योपुर। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने गत दिवस ग्राम सोनीपुरा में सहरिया आदिवासी समाज पंचायत में सहभागिता कर कार्यक्रम को संबोधित किया व समाज के लोगों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु शपथ दिलाई।

## महाआर्यमन का डोर टू डोर चुनावी कैंपेन

# महाआर्यमन सिंधिया ने कोलारस विधानसभा में डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा को वोट करने की अपील की



शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित उनके बेटे महाआर्यमन सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया का डोर टू डोर जनसंपर्क जारी है। तीनों रिकॉर्ड मतों से जीतने के लिए सभी लोगों से मिलकर भाजपा को वोट करने की अपील कर रहे हैं।

आज सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी गुना प्रवास पर हैं। वहीं आज महाआर्यमन सिंधिया ने कोलारस विधानसभा के कई गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इन दौरान उन्होंने गांव में चौपाल लगाकर लोगों से चर्चा की है। रविवार को महाआर्यमन सिंधिया सबसे पहले कोलारस विधानसभा के डेहरवारा गांव पहुंचे जहां उन्होंने घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया साथ ही भाजपा को वोट करने की अपील की इसके बाद महाआर्यमन पूरनखेड़ी में जनसंपर्क और चुनावी चौपाल करने के बाद रिजौदा गांव पहुंचे। जहां वह सबसे पहले एक आदिवासी परिवार के घर पहुंचे। जहां महिला चूल्हे पर खाना बना रही थी। जहां महाआर्यमन ने चूल्हे पर सिकती गर्मागर्म रोटियों का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्होंने महिला से कहा कि उन्हें चूल्हे की रोटियां बहुत पसंद है। उन्होंने उनके घर में भी एक चूल्हा बनवा रखा है। महाआर्यमन सिंधिया करीब 20 मिनट आदिवासी परिवार के साथ घर में रुके।

**ट्रिपल इंजन की सरकार रहेगी, काम महीनों में नहीं दिनों में होंगे**

अपने जनसंपर्क के दौरान महाआर्यमन सिंधिया ने कहां कि आपके पास डबल नहीं ट्रिपल इंजन की सरकार आने बाली है। आपके के कार्य महीनों में नहीं दिनों में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार सालों से इस क्षेत्र के लिए जनसेवा करता हुआ आ रहा है। उनके पिता सदैव अपने क्षेत्र और जनता के विकास के वारे में सोचते रहते हैं। चाहे वह यहां उपस्थित हो अथवा नहीं। इस दौरान उन्होंने इस बार भाजपा को रिकॉर्ड मतों जिताने अपील जनता से की है।

# प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने की वॉल राइटिंग

### पेंटर से बोलीं मैं बिगाड़ दूंगी तो आप चिल्लाओगे मेरे ऊपर; महिलाओं से की चर्चा



**गुना।** गुना शिवपुरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया का पूरा परिवार प्रचार में उतर गया है। उनकी पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रही हैं। रविवार को वह चंदेरी इलाके में पहुंची। यहां उन्होंने वॉल पेंटिंग की। इस दौरान उन्होंने पेंटर से कहा कि मैं बिगाड़ दूंगी तो आप चिल्लाओगे मुझ पर। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने शनिवार को पिछोर, शिवपुरी के 8 गाँवों में डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों से मुलाकात की। अपने दौरे के दौरान उन्होंने ढला गाँव की महिलाओं के एक स्वयं सहायता समूह के साथ उनके के बीच बैठकर हरे रंग के कंगन बनाये। समूह की महिलाओं ने उन्हें कंगन बनाना सिखाया। 20 मिनट में प्रियदर्शनी सिंधिया ने कंगन तैयार किया। उन्होंने महिलाओं से चर्चा भी की। रविवार को वह अशोकनगर जिले के दौरे पर पहुंची। यहां चंदेरी से जाते समय वह भैंसा गांव में रुकीं। वहां सिंधिया के प्रचार के लिए दीवार लेखन किया जा रहा था। उन्होंने वहां उतरकर पेंटिंग ब्रश थामा और दीवार लेखन किया। इस दौरान पेंटिंग कर रहे व्यक्ति ने उनसे कहा कि मैडम ब्रश मत छोड़ना। इस पर प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने उससे कहा- हां मैं बिगाड़ दूंगी तो आप चिल्लाओगे मेरे ऊपर... चुनाव प्रचार के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी राजे शनिवार को शिवपुरी के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में काली पहाड़ी इलाके में मौजूद एक गांव पहुंची। जहां उन्होंने एक घर में जाकर चूल्हे पर रोटियां बनाई। इसका वीडियो भी सामने आया है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है: विष्णुदत्त शर्मा

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन, सामाजिक सम्मेलन एवं चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को किया संबोधित



**छतरपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। प्रधानमंत्री जी भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के कार्य में जुटे हुए हैं। यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। सभी नव मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए की 2014 से पहले कांग्रेस के कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय एवं असुरक्षा का माहौल था। हमारा देश और हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, आये दिन आंतकवादी घटनाएं होती थीं। लेकिन 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। कोई देश अब भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हुआ है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने राजनगर में सामाजिक सम्मेलन एवं चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को भी संबोधित किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है, वहीं देश में नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। देश की रक्षा, भारत के मान-सम्मान, गरीबों के उत्थान, महिलाओं के आत्मसम्मान और नौजवानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दिन-रात कार्य कर रहे हैं। भाजपा के लिए आपका एक-एक बहुमूल्य वोट विकसित भारत के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण है।

# भोपाल में टाइगर ने अपने इलाके का सीमांकन किया

## जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी wildlife area में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जंगल के नए राजा ने अपने पूरे इलाके का सीमांकन कर लिया है। उनके अनुसार जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी उनके इलाके में यानी वन्य प्राणी क्षेत्र में पाई गई है, और कुछ लोगों को लगता है कि टाइगर जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के इलाके में घुस आया था। टाइगर की मौजूदगी CCTV कमरे में कैद हो गई है। जानवरों के इलाके में अपना घर बनाने वाले लोग हंगामा कर रहे हैं। चाहते हैं कि सरकार टाइगर को पड़कर पिंजरे में बंद कर दे या फिर कुछ ऐसा करके टाइगर दोबारा इस इलाके में नहीं आए। वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए गठित वन विभाग, ऐसे लोगों की मदद कर रहा है।

इंसानों और जानवरों में कई बड़े और महत्वपूर्ण अंतर होते हैं। टाइगर जब बड़ा हो जाता है और उसे विरासत में जो भी इलाका मिलता है वह अकेला और स्वयं अपने पूरे इलाके का सीमांकन करने के लिए निकलता है। किसी तहसीलदार या पटवारी को नहीं भेजता। इस प्रक्रिया को वाइल्डलाइफ की दुनिया में ÷टाइगर द्वारा टेरिटरी बनाना÷ कहते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने जिस मादा टाइगर को टी-123 नाम दिया है, उनके चार युवराज अब वयस्क हो गए हैं और जंगल का कानून बिल्कुल साफ है। व्यस्त होते ही टाइगर को उसकी टेरिटरी दे दी जाती है। चारों भाइयों में बंटवारा हो गया है, और उन्होंने अपने इलाके का सीमांकन कर लिया है। बता दिया है कि इस इलाके के राजा हम हैं। स्थिति बिल्कुल साफ है, यहां हमारे कानून का नहीं, जंगल के कानून का राज है। हम इंसान उनके इलाके में घुस गए हैं।

**भोपाल में जानवरों की जमीन पर इंसानों का कब्जा**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में इंसानों ने अपनी सरकार के माध्यम से जानवरों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। इंसानों की सरकार ने यहां पर वाल्मी, शाहपुरा, चंदनपुरा, भदभदा, सूरज नगर, कलियासोत, बैरागढ़ चीचली, रातीबड़ और नीलबड़ नाम क रेजिडेंशियल एरिया डेवलप कर दिए हैं। जबकि मूल रूप से यह जमीन जानवरों की है, वन्य प्राणियों की है, यह जंगल है और जानवरों ने इंसानों की सरकार को यहां पर किसी भी प्रकार का डेवलपमेंट करने के लिए NOC नहीं दी है। यही कारण है कि इन इलाकों में टोटल 18 टाइगर के मूवमेंट चल रहे हैं। वह बता रहे हैं कि यह हमारा जंगल है, तुम्हारा खेत या कॉलोनी नहीं है। वह कह रहे हैं कि तुम अपनी कॉलोनी में वापस जाओ। हम तुम्हारे शहर में नहीं आएंगे, तुम हमारे जंगल में मत आओ।



**भोपाल में टाइगर की टेरिटरी खाली करो**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में टाइगर के लिए सबसे अच्छा वातावरण है। इस दुनिया को तबाही से बचने के लिए जानवरों की सभी प्रजातियों को सुरक्षित करना जरूरी है। प्रकृति ने सभी जानवरों के लिए जंगल आरक्षित किए हैं। जानवरों ने कभी इंसानों के घरों और खेतों पर कब्जा नहीं किया परंतु इंसानों ने अपने नक्शों में जंगल को अपनी संपत्ति घोषित कर दिया और उनके इलाके में कॉलोनाइजेशन किया जा रहा है। भोज मुक्त विश्वविद्यालय और जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के अलावा भोपाल के वाइल्डलाइफ एरिय में सैकड़ो छोटे-बड़े कंस्ट्रक्शन हो गए हैं जबकि उनके इलाके में तो अपनी कार खड़ी करने की भी मनाही है। उनका इलाका तत्काल खाली किया जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जंगल के नए राजा ने अपने पूरे इलाके का सीमांकन कर लिया है। उनके अनुसार जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी उनके इलाके में यानी वन्य प्राणी क्षेत्र में पाई गई है, और कुछ लोगों को लगता है कि टाइगर जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के इलाके में घुस आया था। टाइगर की मौजूदगी CCTV कमरे में कैद हो गई है।

# ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही मुक्ति पाने का एक मात्र उपाय है: कान्हा जी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** किशन नगर बीआर दंडोतिया फार्म हाउस में चल रही भागवत कथा में तीसरे दिन रविवार को भागवताचार्य कान्हा सरकार ने ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र समूद्र के विभिन्न प्रसंगों की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में जाने-अनजाने में प्रतिदिन कई पाप होते हैं उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र मुक्ति पाने का उपाय है, इसलिए मनुष्य को ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करते रहने की बात कही। गोपालपुरा वाले दंडोतिया परिवार द्वारा कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए भागवताचार्य ने कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए, वहीं प्रहलाद चरित्र के प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद। आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि



हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली। और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया हिरणकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे हिरण्यकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था। प्रगट हुए भगवान नरसिंह अत्याचारी दैत्य हिरण्याक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। इस धार्मिक प्रसंग को आत्मसात करने के लिए भक्त भक्ति के सागर में डूबते नज़र आए। इसके अलावा भागवताचार्य ने कहा कि भगवान के नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है उन्होंने भगवत कीर्तन करने ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक किया जा सकता है। कथा समाप्ति के बाद परीक्षित श्रीमती शांति देवी, किशन सिंह दंडोतिया, बीआर बंटी, राजेश डंडोतिया के परिजनों व श्रोताओं के साथ भागवत आरती कर प्रसाद वितरण किया।

# मजबूत लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व, किसी भी भय व प्रलोभन के बिना करें मतदान

## गलेथा में मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-


**मुरैना।** स्वीप प्लान के अंतर्गत निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता के लिए जिले भर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गलेथा में एआरओ डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिकरवार, जौरा जनपद सीईओ कुलदीप श्रीवास्तव की मौजूदगी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने मतदाता मित्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजनों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। सभी ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस दौरान में गलेथा, बागचीनी, खाड़ोली और कुम्हेरी सेक्टर के मतदाता मित्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। निष्पक्ष, निर्विवाद निर्वाचन सुनिश्चित करने एवं मतदाता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआरओ डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिकरवार ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर एक वोट का महत्व होता है। मतदान जनता की वह शक्ति होती है। इसके बदौलत लोकतंत्र में हम लोग अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि का चुनाव करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी मुस्तेदी के साथ निष्पक्ष



चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है। मतदाता मित्र इस दिशा में लोगों को भय या प्रलोभन के बिना मतदान के प्रति जागरूक करें। हर बूथ पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने लोगों को मतदान का महत्व बताना उनका सहयोग करना जरूरी है। सीईओ श्रीवास्तव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। जिला प्रशासन की पूरी कोशिश है कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि जिस तरह मतदाताओं का झूकाव मतदान के प्रति कम होता जा रहा है। यह काफी चिंतनीय का विषय है। समाज में कई ऐसे लोग हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना उचित नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमलोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे अपनी लोकतांत्रिक शक्ति का एहसास नहीं करा पाएंगे। सरपंच हरिश्चंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि लेकिन मतदान का प्रतिशत जिस दर से बढ़ना चाहिए उस अनुरूप नहीं बढ़ रहा है। इसके लिए बुद्धिजीवियों को आगे आने की जरूरत है। सभी लोग आवश्यक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जाति, धर्म से उपर उठकर वैसे प्रतिनिधि को चुनें जो बेहतर कार्य कर सकते हों। इस अवसर पर पंचायत सचिव कमल किशोर धाकड़, सुजान सिंह सिकरवार, बनबारी सिंह, गिरीश शर्मा, विनोद सिकरवार, रामबरन शर्मा, सतंजय मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, रवि राजपूत, शिवराज जालौन, कुबेर खरे, भारत सिंह, मनमोहन सिंह, रामलखन, ज्योति, रश्मि अग्निहोत्री, सहित छात्र, वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

*राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थता और व्यावहारिकता के बारे में अपनी भावनाओं को साझा करते हुए लोकप्रिय डीजी पुलिस डी.सी. सागर की भावनाओं में पढ़े।*



*उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले मेरे अंदर ये भावनाएँ जागृत हुईं। एक दिन, मेरी दो बेटियां, जो रचनात्मक और खुशमिजाज़ हैं, ने मुझसे पूछा कि भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति कब है। एक शरारती मुस्कान के साथ मैंने उन्हें जो बताया, वह तर्क के साथ प्रबलित एक भावनात्मक कविता में तब्दील हो गया।*
*यह रहा:-*

### 'मेरे जुनून का सत्र'

जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरा जुनून अनंत तक बढ़ता जाता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र हर घमंड को त्याग देता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति बढ़ती जा रही है, मेरे जुनून का दौर और भी अधिक गंभीर होता जा रहा है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र और अधिक क्षमता प्राप्त करता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र और अधिक जीवंत हो जाता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र और अधिक मापनीयता जोड़ता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती जा रही है, मेरे जुनून का सत्र हर कसौटी पर खरा उतरता जा रहा है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र तारकीय दृश्यता को अनुकूलित करता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित होती है, मेरे जुनून का सत्र जीवन शक्ति की भावना को कई गुना बढ़ा देता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र अधिक स्थिरता को घेरता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र प्रतिरक्षा के लिए स्वस्थ एंटीबॉडी को बढ़ावा देता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र रचनात्मकता के लिए लाल अक्षर वाले दिन को सृजित करता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र किसी भी तरह की फिजूलखर्ची को त्याग देता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर बढ़ती है, मेरे जुनून का सत्र सभी के समक्ष सम्मान के साथ झुकना सिखाता है
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र मुझे जीवन की नाजुकता के बारे में समझदार बनाता है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र आध्यात्मिकता में सिकुड़ने से इनकार कर रहा है।
जैसे-जैसे भारतीय पुलिस सेवा से मेरी सेवानिवृत्ति मेरी ओर आकर्षित हो रही है, मेरे जुनून का सत्र हिमालयी मानवता की गहराई से गूँज रहा है।

इधर-उधर भटकने के बाद, मैंने अपनी बेटियों को, जिनका धैर्य टूटने ही वाला था, बताया कि मेरी सेवानिवृत्ति 30 जून, 2025 को होगी। उन दोनों ने मुझे इतने प्रगतिशील और उत्साहपूर्ण विचार रखने के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही अपने रिटर्न उपहार का वादा पूरा करने के लिए अशेष शुभकामनाएं भी दीं। ऐसी ही स्पोर्टिंग हैं मेरी बेटियां जिन्हें अपनी स्मार्ट मां का पूरा सपोर्ट मिलता है। सेवानिवृत्ति एक उत्साहपूर्ण उत्सव है एक नई कसौटी की ओर जिस पर सर्वत्र खरा उतरना होगा।

# नारी सम्मान की हकदार है, उसका सम्मान सभी को करना चाहिए: बीके रेखा बहन

**मुरैना/पोरसा।** नारी एक माँ होती है, नारी एक बहन भी होती है, बहन-बेटियों का सम्मान सभी को करना चाहिए। यह सम्मान की हकदार हैं। नारी के प्रति हर आदमी का दृष्टिकोण अच्छी नजर होना चाहिए। उक्त उद्गार बीके रेखा बहन ने व्यक्त किए।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्य सेवा केंद्र गांधीनगर पोरसा पर आज मातृशक्ति का किया सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें बीके रेखा बहन ने बताया मातृशक्ति ही हमारी जननी है। आज के नाजुक समय में आज के मानव का मातृशक्ति के प्रति बदलते जा रहे नजरिया दृष्टिकोण वह मनुष्य ने बदल दिया है। हर एक पुरुष को यह समझना चाहिए कि वह अपने माता से ही जन्म लेता है तो देश की हर बहन पूरे विश्व की माता-बहन के लिए हर एक पुरुष वर्ग का दृष्टिकोण बहुत ही शुभ होना चाहिए। यहां तक कि एक महिला को भी महिला के प्रति



शुभ दृष्टि कौन रखना चाहिए, ताकि झगड़ा इत्यादि ना हो। वहीं हमारे देश के नागरिक को भी जागरूक होना चाहिए कि जो घटनाएं दुर्घटनाएं मातृशक्ति के प्रति छोटी-छोटी है कन्याओं के प्रति किए जा रहे गलत कार्यों में जो आगे है उनको हम सब को जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। ताकि अपने दृष्टिकोण को वह बदल सके। जिस तरह से घर में मेरी माता है, घर में मेरी बहन है, उसी प्रकार से हर देश की बहन-माता मेरी बहन है। अगर यह भाव हर एक पुरुष वर्ग के अंदर और युवा शक्ति के अंदर जागृत हो जाए तो यह घटनाएं दुर्घटनाएं माता-बहनों के साथ नहीं होंगी। बीके रेखा बहन ने सभी से निवेदन किया है सैकड़ों युवा और भाई मौजूद थे कि हम सबको मिलकर मीडिया के माध्यम से जहां तक हम संदेश भेज सकते हैं उनसे संपर्क कर सकते हैं उनको व्हाट्सएप मैसेज कर सकते हैं, माता-बहनों के प्रति दृष्टिकोण को बदले प्रति अपनी हर एक नारी में माता देखें। उन्होंने एक उदाहरण देकर कहा कि लक्ष्मण जी से जब कहा गया कि क्या यही माता सीता का आभूषण है तो लक्ष्मण जी ने बहुत ही सुंदर भाव से और सकारात्मकता के साथ कहा कि सीता माता के चरणों के अलावा और कहीं भी मेरी नजर नहीं गई, जो कि मैं उनका आभूषण पहचान सकता। इस अवसर पर बिना तोमर, गीता शर्मा, पुष्पा शर्मा, मंजू गुप्ता, सरोज गुप्ता, लता श्रीवास्तव, नीरू तोमर, सत्यवती ओझा, केशा शर्मा, शकुंतला आदि मौजूद थीं।

# होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक का नाम होना अनिवार्य

**श्योपुर,** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों के अनुसार चुनाव के दौरान लगाये जाने वाले होर्डिंग्स में भी मुद्रक और प्रकाशक की पहचान अंकित करने की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इस बारे में सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र भेजकर कहा गया है कि स्थानीय निकायों और प्राधिकरणों से नियंत्रित अथवा विनियमित होर्डिंग्स, मुद्रक और प्रकाशक की पहचान के बिना लगाये जाने के बारे में भारत निर्वाचन आयोग को अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क जहाँ मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते को अंकित किये बिना चुनावी पोस्टर और पम्पलेट के प्रकाशन पर रोक लगाती है, वहीं धारा 127-क (3) (बी) चुनावी पम्पलेट और पोस्टर के अर्थ को व्यापक आयाम देती है और इसमें प्ले कार्ड्स या पोस्टर को भी शामिल करती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के इन निर्देशों के गैर अनुपालन या उल्लंघन को गम्भीरता से लेने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टर को दिये हैं। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि ऐसे सभी नगर पालिक प्राधिकरण अथवा प्राधिकारी जो होर्डिंग्स अथवा बैनर या पोस्टर आदि के लिये जिम्मेदार हैं, उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127-क के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये जायें तथा राजनैतिक दलों को भी इन प्रावधानों से अवगत कराया जाये।

## लोकसभा निर्वाचन के संबंध में बैठक आज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिये 22 अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्योपुर, पुलिस अधीक्षक मुरैना-श्योपुर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर अम्बाह, दिमनी, मुरैना, सुमावली, जौरा, सबलगढ़, विजयपुर और श्योपुर के अलावा अभ्यर्थी उपस्थित रहेंगे।

## स्वीप गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित स्वीप गतिविधियां एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक 22 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत मुरैना के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी जानकारी सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

**श्योपुर,** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तारतम्य में मदिरा के अवैध संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कड़ा नियंत्रण रखने के लिए आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा आदेशित अनुसार कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी श्योपुर भगवान सिंह परिहार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार जिले में आबकारी वृत श्योपुर के ग्राम बाजरली में दबिश दी गई। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मौके से 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई और 800 किलोग्राम लाहन नष्ट किया गया। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 88000 रुपये पाई गई।



# अग्निशमन व्यवस्था नहीं होने पर 5 मैरिज गार्डन, 2 कोचिंग संस्थान शील्ड

**ग्वालियर।** बीते रोज शहर में हुई आगजनी की घटना के बाद निगम का अमला नींद से जागा और मैरीज गार्डनों, कोचिंग संचालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर पांच मैरीज गार्डन और दो कोचिंग सेंटरों को शील्ड करने की कार्रवाई की।

बीते रोज संगम और रंगमहल गार्डनों में हुई आगजनी के बाद निगम के अमले की नींद टूटी और रविवार को मैरीज गार्डनों, कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई शुरू की। निगम के अमले ने कोचिंग सेंटरों और मैरीज गार्डनों को शील्ड करने के बाद संबंधितों को चेतावनी दी गई कि यदि व्यवस्थाएं पूर्ण नहीं की गई तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



अधीक्षण यंत्री डॉ अतिबल सिंह यादव ने बताया कि अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में निगम के अमले ने रविवार की दोपहर मैरीज गार्डनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। निगम के अमले ने संस्कृति गार्डन, चंद्रशेखर गार्डन, भगत सिंह गार्डन, मधुर मिलन गार्डन, ग्रैंड पार्क गार्डन सहित दो कोचिंग संस्थान रिजोनेंस कोचिंग सिटी सेंटर एवं ज्ञानदा अकैडमी अन्य मैरिज गार्डनों में फायर ब्रिग्रेड विभाग के अधिकारियों के द्वारा फायर सेफ्टी सिस्टम को चैक किए और फायर सिस्टम नहीं मिलने पर उन्हें शील्ड किया गया। कार्यवाही में मदाखलत एवं नोडल अधिकारी फायर केशव सिंह चौहान, मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित निगम का अमला मौजूद था।

# लगुन फलदान चढ़ाने नहीं आये तो बिचौलिया को बंधक बनाकर पीटा

**ग्वालियर।** दुल्हन पक्ष के लोग जब लगुन लेकर नहीं आए तो वर पक्ष का धैर्य टूट गया और सगाई कराने वाले बिचौलिया को पकड़ लिया और खराब हो रही बात को बनाने के लिए उससे अपनी बेटी की लगुन चढ़ाने के लिए दबाव बनाया। जब वह तैयार नहीं हुआ तो वर पक्ष ने बिचौलिये को रातभर तबेले में बंधक बनाकर उसकी मारपीट कर डाली।घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के पुरासनी गांव की है। घटना का पता सुबह पुलिस को चला जब बंधक बनाए गए अधेड़ के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बिचौलिये को मुक्त कराया।

झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित पुरसानी गांव में रहने वाले बंटी गुर्जर उम्र 28 पुत्र संगराम सिंह की बहन का संबंध नूराबाद में रहने वाले लाल सिंह गुर्जर ने तय करवाया था। लाल सिंह पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर किसान है और बीते रोज अपने समधी रामनिवास गुर्जर निवासी तिघरा के साथ पुरसानी गांव में बंटी पुत्र सरनाम सिंह गुर्जर के लगुन-फलदान में शामिल



होने के लिए आया था। खाना खाने के बाद रात के दस बजे तक जब शिवपुरी से वधु पक्ष के लोग लगुन लेकर नहीं आए तो बंटी गुर्जर, उसके रिश्तेदार रामबरन गुर्जर, जण्डेल और केशव गुर्जर उसके पास आए और पूछा कि लड़की पक्ष लगुन चढाने के लिए कब तक आएंगे। तब लाल सिंह ने कॉल लगाया तो पता चला कि लड़की के पिता का मोबाइल बंद आ रहा है। कई बार कॉल लगाने पर जब दुल्हन पक्ष से बात नहीं हुई और समय बढने लगा तो बंटी व उसके परिजन लाल सिंह पर दबाव बनाने लगे कि वह अपनी बूेटी की लगुन चढ़ा दे, क्योंकि उनकी बात खराब हो रही है और जब उसने इनकार किया। बंटी गुर्जर, उसके रिश्तेदार रामबरन गुर्जर, जण्डेल और केशव गुर्जर ने लाल सिंह को तबेले में बंधक बनाकर रखा और उसकी मारपीट की। रविवार की सुबह लाल सिंह के रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी तो एसआई अवधेश सिंह कुशवाह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को देखते ही आरोपी भाग निकले। पुलिस ने बंधक लाल सिंह को मुक्त कराया और उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**ग्वालियर।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के धुआं गांव की है। घटना का पता उस समय चला जब परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये भिजवाकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उधर इसी गांव में शादी में शामिल होने आये एक नशेड़ी युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घाटीगांव थाना पुलिस ने बताया कि घांटीगांव थाना क्षेत्र के धुआ निवासी जबर सिंह पुत्र सेवाराम ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। उधर घाटीगांव थाना क्षेत्र के धुआं गांव में शादी में शामिल होने आए शिवपुरी निवासी 48 वर्षीय प्रेम चंद्र जाटव ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर मृतक का शव पीएम हाउस भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक शराब पीने का आदी था और 17 अप्रैल को अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आया था और शादी के बाद भी यहां पर शराब पार्टी कर रहा था।

# प्रेमिका से शादी करने के लिये धोखे से दिया पत्नी को तलाक, तलाक के बाद किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** प्रेमिका से शादी करने के लिए पति ने पत्नी को धोखे में रखकर तलाक लिया और उसके बाद उसके साथ दरदिंगी की सारी हदें पार कर दुष्कर्म किया और उसको घर से निकाल दिया। आरोपी ने एक बार महिला का गर्भपात भी कराया था। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के हरिहर नगर सागर ताल चौराहे के पास की है। घटना के बाद घर से निकाले जाने का शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने दुष्कर्म, अप्राकृतिक कृत्य के साथ ही अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

महाराजपुरा स्थित शताब्दीपुरम निवासी 28 वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि उसकी शादी हरिहर नगर निवासी रवि प्रताप से हुई है। शादी में रवि के परिजनों ने नगद बीस लाख रुपए और अन्य सामान मांगा था, जिसे पीडिता के परिजनों ने उनकी मांग के अनुसार दिया था। शादी के कुछ दिन तक तो सब ठीक चला, लेकिन उसके बाद रवि उसे परेशान करने लगा और बताया कि वह सुंदर नहीं है और उसे तो प्रेमिका से शादी करनी थी, लेकिन परिजनों के दबाव में उससे शादी करनी पड़ी। इसी बीच पीडिता गर्भवती हुई तो रवि ने उसे जबरन दवा खिला दी, जिसे खाने के बाद उसका गर्भपात हो गया। परिवारिक मान सम्मान के कारण वह चुप रही। इसी बीच रवि ने पीडिता को बताया कि उसने उसके ऊपर धारा 9 के तहत मामला कोर्ट में लगाया है और इससे उसका तलाक हो जाएगा। ज्यादा जानकारी नहीं होने पर वह घबरा गई और उसके पैरों में गिर गई। तो रवि ने उसे बताया कि उसके बताए अनुसार बयान दे दें, तो वह उसे नहीं छोड़ेगा और अगर बयान नहीं दिए तो वह उसे छोड़ देगा। उसकी बातों में आ गई और रवि ने उससे तलाक ले लिया।

इसके बाद उसके भाई के पुत्री जन्म पर वह मायके गई थी और वहां से जब उसके पिता उसे छोड़कर वापस गए तो रवि ने बताया कि उसे तलाक मिल गया है और वह यहां पर नहीं रह सकती। इतना सुनते ही वह घबरा गई और इसके बाद पति ने उसके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी। मामले का पता चलते ही पीडिता के परिजनों ने रवि के परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी तो पीड़ता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पति पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# लोकसभा निर्वाचनः नाम वापसी के लिये आज आखिरी दिन

**ग्वालियर ।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में नाम वापसी के लिये आज सोमवार 22 अप्रैल आखिरी दिन है। कोई भी उम्मीदवार इस दिन अपरान्ह 3 बजे से पहले नाम वापसी की सूचना रिटर्निंग अधिकारी को दे सकता है। तीन बजे के बाद नाम वापसी की सूचना विधिमान्य नहीं होगी।

नाम वापसी की सूचना उम्मीदवार द्वारा स्वयं या उनके द्वारा लिखित रूप में अधिकृत उसका कोई प्रस्तावक अथवा निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा दी जा सकती है। नाम वापसी की सूचना चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में देनी होगी, जिस पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। यहाँ नवीन कलेक्ट्रेट स्थित कलेक्टर न्यायालय में स्थापित रिटर्निंग ऑफीसर के कार्यालय में नाम वापसी की प्रक्रिया संपादित होगी। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा चुनाव मैदान में शेष रहे अभ्यर्थियों की सूची सूचना पटल पर प्रकाशित की जायेगी। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

# दुष्कर्म का आरोपी युवक व महिला पकड़ी

**ग्वालियर।** किशोरी को अगवा कर ले जाने व युवक द्वारा दुष्कर्म करने और बेचने का प्रयास करने वाली महिला आरोपी और उसके सहयोगी को कोतवाली थाना पुलिस ने दो दिन की मशक्कत के बाद रेलवे स्टेशन के पास से दबोच लिया है। पुलिस ने पकड़ी गई महिला व उसके साथी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद कुछ अन्य खुलासे हो सकते है।

एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कंपू निवासी नाबालिग युवती को सपने दिखाकर दिल्ली ले जाने वाली महिला और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने पकड़ लिया है। दो दिन से पुलिस इनकी घेराबंदी में जुटी हुई थी, लेकिन यह गायब थे और पुलिस इनकी निगरानी में लगी थी। बीते रोज जैसे ही सीमा व हेमंत यहां पर आए तो पुलिस ने दबिश दी और दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि मामला दर्ज होने का पता चलते ही उन्होंने अपना ठिकाना छोड़ दिया था और दो दिन से इधर-उधर रह कर दिन निकाल रहे थे। अब सोचा कि उनके ना मिलने पर पुलिस शांत हो गई होगी तो वह वापस आए, लेकिन आने के कुछ ही मिनट बाद पुलिस वहां पहुंच गई और उन्हें दबोच लिया। जिस तरह किशोरी के सपने दिखाकर ले जाना और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात के बाद उसे बेचने की तैयारी थी, इससे पुलिस अफसरों का मानना है कि यह बड़े आरोपी हो सकते है और इससे पहले भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया हो सकता है। इसके लिए पुलिस अफसर इनसे पूछताछ में जुट गए है।

# बाजार जाने निकली छात्रा लापता

**ग्वालियर।** घर से बाजार जाने की कहकर निकली पंद्रह वर्षीय छात्रा लापता हो गई। घटना माधौगंज थाना क्षेत्र के नारंगी बाई मंदिर के पास मीट मार्केट की है। छात्रा के गायब होने का पता उस समय चला जब वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला तो परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

माधौगंज थानाक्षेत्र के नारंगी बाई मंदिर के पास मीट मार्केट निवासी पंद्रह वर्षीय दसवी कक्षा की छात्रा बीते रोज मां को स्कूल पढ़ाने जाने के बाद बाजार जाने की कहकर निकली थी और उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। शाम को जब उसकी मां स्कूल से पढ़ाकर आई तो घर पर छात्रा नजर नहीं आई तो पूछताछ की तब पता चला कि वह बाजार की कहकर निकली है। इसका पता चलते ही परिजनों ने उसकी तलाश की और पुलिस को सूचना दी।

# भक्तों के कल्याण के लिए समय-समय पर महापुरुष अवतरित होते हैं: संत वासुदेवानंद

**ग्वालियर।** गीता भागवत सत्संग कार्यक्रम में अखंड ब्रह्मचारी वासुदेवानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि भक्तों के कल्याण के लिए समय-समय पर महापुरुष अवतरित होते रहते है। उनके सानिध्य में मनुष्य बताये मार्ग का अनुसरण और उनकी सेवा कर जीव भाव से ऊपर उठकर अपने शिव स्वरूप को प्रकट कर लेता है।



संत आशाराम बापू के जन्मोत्सव निमित्त पधारे वासुदेवानंद का श्री योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारियों ने व्यास पीठ पर नमन कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर संत वासुदेवानंद ने अपने संदेश में कहा कि फर्जी केस में वयोवृद्ध संत विगत 11 वर्ष से अधिक समय से षड्यंत्रपूर्वक जेल में बंद कर रखा है। बड़ा दुर्भाग्य है मानव समाज का, जेल में बापू जी नहीं भारतीय संस्कृति कैद है। इसका खामियाजा जिम्मेदार तानाशाहों को अवश्य भुगतना पड़ेगा। संत तो पृथ्वी की तरह सहनशील होते है पर प्रकृति कभी क्षमा नहीं करती। यही कर्म का अकाट्य सिद्धांत है। सत्संग के समापन पर मंगल आरती कर सभी भक्तों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद ग्रहण किया और पधारे भक्तों ने भंडारे का लाभ भी लिया।

# मतदाता तक मतदान का संदेश पहुँचाने के लिये निकाली बाइक रैली





**ग्वालियर।** हर मतदाता तक मतदान करने का संदेश पहुँचाने के लिए रविवार को शहर में विशाल बाइक रैली निकली। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में यह रैली ग्वालियर शहर के तीनों प्रमुख भागों लश्कर, उपनगर ग्वालियर व मुरार के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली के माध्यम से शहरवासियों को याद दिलाया कि 7 मई को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचें और अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की मजबूती में योगदान दें।

बाइक रैली में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के जांबाज एवं शहरवासी, पत्रकार शामिल हुए। अलग-अलग बाइक व स्कूटी चलाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एम. सियाज व गजेन्द्र वर्धमान, अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार एवं जिला प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों समेत सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी व बाइकर्स जवान इस रैली में शामिल हुए। रविवार की सुबह जीवाजी विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप से शुरू हुई बाइक रैली एजी ऑफिस ब्रिज, चेतकपुरी तिराहा, अचलेश्वर रोड, इंदरगंज, ऊँट पुल, दौलतगंज, शहर का हृदय स्थल महाराज बाड़ा, गाँधी मार्केट, जनकगंज, हनुमान चौराहा, नई सड़क, राम मंदिर, फालका बाजार, शिंदे की छावनी, फूलबाग रोड़, पड़ाव, तानसेन रोड़, हजीरा, जेसी मिल, बिरलानगर आरओबी, गोला का मंदिर व सात नम्बर चौराहा होते हुए व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँची। यहीं पर रैली का समापन हुआ। रैली के समापन के बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार के प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाई।

# माधव विधि महाविद्यालय में अंर्तराष्ट्रीय संगोष्ठी 24 और 25 को

**ग्वालियर।** मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा संचालित माधव विधि महाविद्यालय के पूर्व शासी निकाय अध्यक्ष स्वर्गीय सदाशिव इंदापुरकर की स्मृति में दो दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय संगोष्ठी वूमन एंड लॉः कंसर्न चौलेंजेस एंड फ्यूचर शीर्षक पर आयोजित की जा रही है। जिसमें देश-विदेशों के शोधार्थी एवं एकेडमिशियन संगोष्ठी की थीम व सब-थीम पर अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 24 अप्रैल को संगोष्ठी का उदघाटन सत्र होगा। जिसमें प्रो. (डॉ.) के.एस. ठाकुर गुरु गोविंद यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा के वाइस चांसलर एवं श्रीमती सुमन गुर्जर पुलिस अधीक्षक पीटीएस तिघरा एवं विजय दीक्षित उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण संस्थान की कुलपति डॉ. इंदु बोरा करेंगी। 24 को पैरेलल छह तकनीकी सेशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र में 12 -12 प्रतिभागी भिन्न-भिन्न थीम पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। साथ ही दो सत्र ऑनलाइन मोड पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कई विदेशी प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। 24 अप्रैल को एक प्लेनरी सेशन सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें एमिटी यूनिवर्सिटी की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राखी सिंह चौहान, आईटीएम यूनिवर्सिटी के विधि के प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार श्रोत्रीय, वैष्णव इंस्टिट्यूट फॉरेंसिक साइंस से डॉ. कविता शर्मा प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट से डॉ. नंदन वेलंकर, अपने-अपने व्यू शेयर करेंगे। 25 अप्रैल को पैनल एवं समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रोफेशनल फोरेंसिक प्रोसीक्यूटरर्स, लीगल एक्सपर्ट, न्यायाधीश, क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की कमियों पर चर्चा करेंगे। जिस कारण पीडित को न्याय नहीं मिल पाता या विलंब से मिलता है। इसके उपरांत 2:30 बजे से 3:30 बजे सांस्कृतिक सत्र का आयोजन किया जाएगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि जीवाजी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अविनाश तिवारी रहेंगे। संगोष्ठी में श्रीलंका, साउथ अफ्रीका, ओमान, बांग्लादेश एवं देश की कई हिस्सों से शोधार्थी शिरकत करेंगे।

# प्रेक्षक आदित्य ने किया एसएसटी नाकों का औचक निरीक्षण



**ग्वालियर।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षककृष्णा आदित्य ने रविवार को एसएसटी नाकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान नाकों पर एसएसटी द्वारा जाँच के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया व कार्रवाई देखी। विक्की फेक्ट्री तिराहा और नीलकंठ चौराहा सिरोल पर स्थापित एसएसटी नाकों के निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने निर्देश दिए कि संदिग्ध वाहनों को बारीकी से जाँच करें। अवैध धनराशि और कोई अन्य ऐसी संदिग्ध वस्तु निकलने न पाए जिससे मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता हो।

# यूथ हास्टल एसोसियेशन बाइक रैली से जल संरक्षण का देंगे संदेश

**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूथ हास्टल एसोसियेशन आफइंडिया की मध्यप्रदेश राज्य शाखा वर्ष 2024 की स्वर्ण जयंती उत्सव के तहत मध्यप्रदेश मे एक बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली का नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय चेयरमैन मनोज जौहरी कर रहे हैं। यूथ हास्टल के राष्ट्रीय चेयरमैन मनोज जौहरी एवं राज्य उपाध्यक्ष एवं सचिव ग्वालियर यूनिट रामनारायण मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि इस बाइक रैली के द्वारा संस्था के सदस्य आमजनों में जल संरक्षण के प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे पुराने कुएं, छोटे तालाब, पोखर, बावडियां आदि को संरक्षित करने की अपील करेंगे।

# जिला चिकित्सालय मुरार में निःशुल्क भोजन वितरण किया

**ग्वालियर।** व्यापार संघ थाटीपुर द्वारा माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय मुरार में संचालित प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम के तहत शनिवार को 300 लोगों (अटेंडर्स) को भोजन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर विशेष रूप से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ग्वालियर बेंच में पदस्थ श्रीमती आरजू अग्रहरी उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सॉफ्टवेयर इंजीनियर समर्थ गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन तनिश चौहान ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम के दो माह से अधिक समय से निरंतर संचालन की सराहना की गई एवं यथासंभव सहयोग का वचन दिया गया। इस अवसर पर व्यापार संघ के विकास गुप्ता, नरेश बंसल, विपिन अग्रहरी, राजेंद्र खण्डेलवाल, नीलेश विंचूरकर, प्रशांत हाड़ा, प्रखर दीक्षित, विवेक खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** गंदगी फैलाने वाले नागरिकों के खिलाफनगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालों पर जमाने की कार्रवाई की गई। मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ अनुज शर्मा ने बताया कि निगम के अमले द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर निरंतर जमाने की कार्रवाई की जा रही है तथा उन्हें समझाइश दी जा रही है। वार्ड 50 में 750 एवं वार्ड 46 में 600 का जुर्माना गंदगी फैलाने वालों पर लगाया गया। इसके साथ ही वार्ड 38 में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र सिंह द्वारा गंदगी करने वाले दुकानदारों से 850 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

# बीएलओ प्रत्येक मतदाता तक पहुँचायेंगे मतदाता पर्ची

**ग्वालियर।** हर मतदाता के घर



तक मतदाता पर्ची (वोटर इनफोर्मेशन स्लिप) पहुँचे, इस उद्देश्य से जिले में ÷पर्ची वाला आया÷ अभियान चलाया जायेगा। मतदाता पर्ची वितरण करने से पहले इस अभियान के तहत बीएलओ अपने क्षेत्र के हर घर का सर्वे कर यह पता लगायेंगे कि उन्हें कहाँ-कहाँ पर्ची देने जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के घरों, दफ्तरों व प्रतिष्ठानों इत्यादि का ठीक से पता न होने की वजह से कुछ मतदाताओं तक मतदाता पर्चियाँ नहीं पहुँच पातीं। इस कमी को दूर करने के लिये मतदाता सूची वितरित करने से पहले जिले में ÷पर्ची वाला आया÷ अभियान के तहत बीएलओ के माध्यम से घर-घर सर्वे कराया जा रहा है। सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि इस कार्य को गंभीरता से अंजाम दें, जिससे प्रत्येक मतदाता तक वोटर इनफोर्मेशन स्लिप पहुँच सके।

# मतदाता जागरूकता रैली निकली

**ग्वालियर।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला




प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अधिकारी राजेश रावत द्वारा वार्ड क्रमांक 3 स्थान पार्क विनय नगर सेक्टर 1 में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके साथ ही तिकोनिया पार्क विनय नगर सेक्टर 2 वार्ड क्रमांक 3 में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूक कार्यक्रम संपन्न कराया गया।युवा मतदाताओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन कर मतदान की शपथ दिलाई गई। शहर के अन्य सभी क्षेत्रों में भी मतदान जागरूकता रैली का आयोजन कर आम नागरिकों को जागरूक किया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक आज विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे जनसंपर्क

**ग्वालियर।** कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पाठक आज सोमवार 21 अप्रैल को विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी पाठक द्वारा प्रातः 10 बजे पनिहार, प्रातः 10.30 बजे बरई, प्रातः 11.30 ग्राम घाटीगांव, दोपहर 12 बजे ग्राम रेंहट, दोपहर 12.30 बजे ग्राम मोहना में कार्यालय उद्घाटन, दोप. 2 बजे ग्राम करई, दोप. 2.30 बजे ग्राम पाटई, दोप. 3 बजे ग्राम आरौन, शाम 4 बजे ग्राम करईया, शाम 4.30 बजे ग्राम मेहगांव, शाम 5 बजे ग्राम चीनौर में कार्यालय उद्घाटन, शाम 6 बजे ग्राम पुरा बनवार, शाम 6.30 बजे ग्राम बनवार, शाम 7 बजे ग्राम मऊछ, शाम 7.30 बजे ग्राम नयागांव आदि क्षेत्रों में परिजन संपर्क किया जाएगा।

# संपादकीय

## युद्ध विस्तार की आशंका

छह माह से गाजा पट्टी पर इस्राइल की निरंकुश कार्रवाई के बाद दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में इस्राइल पर हुए ईरानी हमले ने मध्यपूर्व के संकट को और गहरा दिया है। अब इस्राइल ईरान पर जवाबी कार्रवाई को अंजाम देने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में पहले रूस–यूक्रेन युद्ध की मार झेल रही दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। शनिवार की रात ईरान ने तीन सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों व सैकड़ों ड्रोन के जरिये इस्राइल पर भीषण हमला किया था। हालांकि इस्राइल ने अपने सशक्त एअर डिफेंस सिस्टम से नब्बे फीसदी से अधिक हमलों को विफल कर दिया। जिसका जवाब देने के लिये इस्राइली तैयारियां चरम पर हैं। इस्राइल की आईडीएफ ईरान को घुटनों पर लाने की तैयारी में जुटी है। आशंका जतायी जा रही है कि इस्राइल ईरान के महत्वाकांक्षी परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाये रखने को लेकर चेता रहे हैं। हाल ही में जिस तरह ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हार्मूज जलडमरूमध्य में एक इस्राइली समुद्री जहाज को कब्जे में लिया है, उससे आशंका है कि इस संघर्ष से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का बड़ा भाग प्रभावित हो सकता है। आशंका यह भी जतायी जा रही है कि यदि इस्राइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है। अब संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक बड़ी ताकतें चिंता जता रही हैं कि दुनिया अब एक नये युद्ध को सहन करने की स्थिति में नहीं है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब इस्राइल आक्रामकता की सीमाएं लांघ कर पिछले छह महीने से गाजा पर लगातार हमले जारी रखे हुए था तो अमेरिका ने स्थिति नियंत्रण के प्रयास क्यों नहीं किये। ऐसा लगता है कि अमेरिका भी अब मध्यपूर्व के संकट में उलझता नजर आ रहा है। खाड़ी में उसके सहयोगी देश ईरान–इस्राइल संकट को बढ़ने से रोकने के लिये दबाव बना रहे हैं। उन्होंने अमेरिका को दो टूक शब्दों में कहा है कि उनके देश में बने सैन्य अड्डों का ईरान के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल करने से बचा जाए। जाहिरा तौर पर जिस तरह की भूमिका अमेरिका व उसके मित्र देश यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ निभा रहे थे, वैसी भूमिका रूस–चीन अब ईरान–इस्राइल संघर्ष में निभा सकते हैं। इन दोनों देशों के ईरान के साथ गहरे रिश्ते बने हुए हैं। निश्चित रूप से मध्य पूर्व का संघर्ष शेष विश्व के हित में नहीं है। वहीं इस्राइल ने ईरानी हमले के बाद उसके समर्थन से इस्राइल पर हमला करने वाले हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, ईरानी हमले के दौरान लेबनान से हिजबुल्लाह ने भी राकेटों से हमले किये थे। बहरहाल, विश्व समुदाय का फर्ज बनता है कि इस संघर्ष को और बढ़ने से रोके। इस्राइल को अपनी स्वतंत्रता की रक्षा का अधिकार है, मगर उसकी बेलगाम आक्रामकता को सहन नहीं किया जा सकता।

# प्रभावी हो सकते हैं चुनाव पर आर्थिक कारक

**अब, बीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र की कांग्रेस में वापसी होने से, जाटों में पार्टी की साख में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे भाजपा की मंशा यही है कि शायद इससे मनोहर लाल खट्टर के राज से मतदाताओं में बनी नाराजगी से पार पाया जा सकेगा। किंतु खट्टर सरकार के नौ वर्षीय शासन में गैर-जाट वोटें लामबंद भी होने लगीं।**

क्या यह घड़ी 2004 जैसी है? चौंकाने वाले परिणाम के साथ वह आम चुनाव विशेष रहा ङ्कन केवल हारने वाले के लिए बल्कि जीतने वाले के लिए भीङ्क और राजनीतिक पंडितों पर काफी देर तक इन नतीजों का असर बना रहा कि कैसे मायावी प्रचार की परिणति सत्ता में बदलाव बनकर आई। तथ्य यह है कि कांग्रेस ने जीत के लिए विशेष प्रयास नहीं किए थे लेकिन भाजपा के 'शाइनिंग इंडिया' नारे ने यह हाल करवा दिया। क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए 'चमकता भारत' जैसा कुछ नहीं था, लिहाजा किसी नारा-लेखक की कलम से निकली यह चतुराई भरी पंचलाइन उलटी पड़ गयी। यहां जो बात 2004 के चुनावी परिदृश्य की याद दिला रही है, वह है सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवेलपिंग सोसायटीज़ (सीएसडीएस) द्वारा करवाया हालिया सर्वेङ्क यह एक थिंक टैंक है जिसकी स्थापना तकरीबन 60 साल पहले राजनीतिक विज्ञान के माहिर रजनी कोठारी, डीएल शेठ और आशीष नंदी द्वारा की गई थी। इस सर्वे के परिणाम बीते बृहस्पतिवार को एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में छपे। इसके मुताबिक, मुख्य चुनावी मुद्दा हिंदुत्व न होकर बेरोजगारी और कीमतों में वृद्धि (महंगाई) है (यानी कि यह मुख्य चिंता है, जैसा कि सर्वे ने परिभाषित किया है)।

राम मंदिर और भ्रष्टाचार, दोनों 8 प्रतिशत सहित, मुद्दों की सूची में पांचवें पायदान पर हैं जबकि मुख्य चिंताओं के क्रम में, रोजगार (27), महंगाई (23), विकास (13) और अन्य (9 प्रतिशत) इनसे ऊपर हैं। सर्वे में बेरोजगारी को लेकर संत्रास का स्तर चौंकाता है। सर्वेकर्ताओं का दावा है कि यह अध्ययन 19 सूबों के 100 संसदीय चुनाव क्षेत्रों में 400 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 10,019 लोगों से बातचीत पर आधारित है। सर्वे में भाग लेने वालों में लगभग 62 प्रतिशत का कहना है कि नौकरी पाना मुश्किल हो गया है, स्थिति बड़े शहरों में छोटे कस्बों व गांवों के मुकाबले ज्यादा दुरूह है। यह चिंताजनक आंकड़ा है। आम नागरिकों में सबसे बड़ी संख्या रखने वाले वर्ग में रोजगार की उपलब्धतता किसी समाज की प्रगति का वास्तविक पैमाना होता है न कि स्टॉक सूचकांक में हो रही उत्तरोत्तर बढ़ोतरी या फिर भारतीय खरबपतियों की संपत्ति में होता इजाफा। वर्ष 2004 में भले ही सत्ताधारियों के मुताबिक तो भारत चमक रहा था किंतु गरीबों के लिए ऐसा कुछ नहीं था, लिहाजा उन्होंने अपना गुस्सा मतदान से जाहिर कर दिया।

जिस अन्य मुद्दे ने गरीब इंसान पर चोट की है वह है कीमतों का बढ़ना : अध्ययन में भाग लेने वालों में 71 प्रतिशत ने बढ़ती महंगाई की बात की है और गरीब तबके में यह आंकड़ा इससे भी ऊपर है- उनमें 76 प्रतिशत परेशान हैं। इस पर भाजपा को बैठकर ध्यान देना और मनन करना चाहिए। बेरोजगारी और महंगाई, जीवनयापन से परस्पर जुड़े दो ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी अहमियत पहचान आधारित राजनीति से कहीं ऊपर है। यदि सबसे बुरी तरह प्रभावित मतदाता परेशान है और बहुत विशाल संख्या में है, तो जनमत-निर्माता और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर जो मर्जी कहें, हकीकत में इनका कोई असर नहीं और सर्वे के मुताबिक, सच सिर्फ यही है।

2004 के विपरीत, कदाचित वर्तमान केंद्र सरकार को व्याप्त संत्रास के बारे में जानकारी है। चुनाव पूर्व इसकी तमाम गतिविधियां दर्शाती हैं कि सत्ताधारी दल को सुधारक उपाय करने की जल्दी लगी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भाजपा या तो स्थानीय भागीदारों से गठबंधन कर रही है या यह सुनिश्चित करने में लगी है कि चुनाव तीन या चार कोणीय बन जाए ताकि विपक्ष के मत बंट सकें। कम-से-कम ऊधमपुर में गुलाम नबी आज़ाद की पार्टी ने यह सुनिशिचत कर दिया है कि चुनावी मुकाबला बहु-कोणीय हो जाए, उम्मीद है उनका प्रत्याशी गुलाम मोहम्मद सरूरी मुस्लिम वोटें विभक्त करेगा।

पंजाब में भी मुकाबला चार कोणीय बनने से नतीजे मिल-जुले रहने का कयास है, यह स्थिति रिवायती तौर पर दो बड़े दलों के बीच होते आए चुनावी संग्रामों से अलग है। हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का भाजपा से आहिस्ता से गठबंधन तोड़कर अलग होने का फायदा सिर्फ सत्ताधारी दल को होगा क्योंकि विपक्ष की जाट वोटें बंट जाएंगी। चौटाला कुनबे की दो पार्टियां चुनावी संग्राम में हैं ङ्कजेजेपी और भारतीय राष्ट्रीय लोकदलङ्क और उम्मीद के मुताबिक दोनों ही जाट वोटों का एक हिस्सा ले पाने में सफल होंगे, जो अन्यथा कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा की झोली में जातीं।

अब, बीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र की कांग्रेस में वापसी होने से, जाटों में पार्टी की साख में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे भाजपा की मंशा यही है कि शायद इससे मनोहर लाल खट्टर के राज से मतदाताओं में बनी नाराजगी से पार पाया जा सकेगा। किंतु खट्टर सरकार के नौ वर्षीय शासन में गैर-जाट वोटें लामबंद भी होने लगीं। यह चाल कारगर हो भी सकती है या नहीं भी, किंतु जो सामने दिखाई दे रहा है, वह यह कि भाजपा की चुनावी रणनीति स्थानीय मुद्दों, सत्ता विरोधी रुझान और अन्य सामाजिक कारकों की समझ पर आधारित है। क्या ये उपाय बेरोजगारी द्वारा उत्पन्न संत्रास का तोड़ बन पाएंगे?

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनोमी (सीएमआईई) के अनुसार जनवरी, 2023 में हरियाणा की बेरोजगारी दर (37.4 फीसदी) देशभर में सबसे बदतर रही। बेशक हरियाणा सरकार ने इस पर सवाल उठाए थे, और सीएमआईई के डाटा को अंतिम सत्य की तरह न लेकर महज सूचकांक की तरह लेना चाहिए। हरियाणा के आर्थिक संताप और भाजपा के राजनीतिक टोटकों को देखना रोचक है ङ्कयानी मुख्यमंत्री बदलने और वोट विभक्त करने वाली रणनीति।

हर वह सूबा जिसका असर सकल परिणामों पर अधिक है ङ्क बशर्ते मुकाबला दो-ध्रुवीय न हो ङ्क और कई बार उन राज्यों में भी जहां पर दांव पर लगाने को अधिक नहीं है, भाजपा ने गठबंधन करने, वोट-विभक्त रणनीति, दल-बदल करवाने और सामाजिक शक्तियों को साथ लाने की कला बरती है। मसलन, बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी से छिटके गुटों को साधकर साथ मिलाना। इन राज्यों में कुल मिलाकर 196 संसदीय सीटों के रूप में भारी गिनती दांव पर है और उक्त समस्त उपाय समस्या-निवारण रणनीति के तहत किए हैं। इन 196 सीटों में, भाजपा नीत एनडीए ने 2019 में 170 पर जीत हासिल की थी। लगता है भाजपा ने व्याप्त आर्थिक संताप से उपजी चिंताओं का पूर्वानुमान लगाकर ही इन तमाम राज्यों में चुनावी कलाबाज़ी की है।

## आज का इतिहास

- पुर्तगाली नाविक पेड्रो अलवेयर कैब्राल ने 1500 में ब्राजील की खोज की।
- फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंकाइस प्रथम ने 1521 में स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने 1792 में यूरोप के युद्ध में अमेरिकी तटस्थता की घोषणा की।
- यूनान के एथेंस में 1906 में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1915 में जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1921 में इंडियन सिविल सर्विस से त्यागपत्र दिया।
- पर्शिया, तुर्की और अफ़गानिस्तान के बीच 1926 में सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- मिस्र और इराक ने 1931 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में मित्र राष्ट्रों ने न्यू गिनी में जापान के खिलाफ एक बड़े हमले की शुरुआत की।
- तत्कालीन सोवियत रूस 1954 में यूनेस्को में शामिल हुआ।
- एडमिरल आर डी कटारी 1958 में भारतीय नौसेना में पहले प्रमुख बने।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1966 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- सन 1970 में दुनिया में पहली बार पृ?वी दिवस मनाया गया।
- ऑप्टिकल फाइबर को 1977 में पहली बार टेलीफोन ट्रैफिक में यूज किया गया।
- अंतरिक्ष यान फ्रसोयूज टी-8फ्र 1983 में पृथ्वी पर लौटा।
- मैक्सिको में 1992 में हुए सीवर गैस विस्फोट में लगभग 200 लोगों की मौत हुई।
- बांडुंग (इंडोनेशिया) में 2005 में 50 वर्षों के बाद दूसरा एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन आरम्भ।
- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 2008 में लुडविग नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सन 2012 में लंदन मैराथन के दौरान एक 30 वर्षीय महिला प्रतिभागी की अचानक गिरकर मौत हुई।
- भारत के अंतिम मुगल सम्राट अकबर द्वितीय का 1760 में जन्म।
- रूस के मार्क्सवादी विचारक व्लादिमीर लेनिन का 1870 में जन्म हुआ था।
- बंगाली सिनेमा के पहले स्टार कन्नन देवी का 1916 में जन्म।
- भारतीय फैशन फोटोग्राफर अतुल काब्बेकर का 1965 में जन्म।
- भारतीय लेखक चेतन भगत का 1974 में जन्म।
- 'काकोरी कांड' के प्रसिद्ध क्रांतिकारी जोगेशचंद्र चटर्जी का 1969 में निधन।
- समाज सुधारक मंगूराम का 1980 में निधन।
- भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञों में से एक तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल महमूद अली ख़ाँ का 2001 में निधन।

# धनतंत्र के बोझ से कसमसाता लोकतंत्र

शायद आपने भी देखा हो फेसबुक पर चक्कर लगाते उस संदेश को जिसमें आगाह किया गया है कि 4 जून तक यानी आम-चुनाव के परिणाम आने तक, पचास हजार की नकदी लेकर घूमने से बचें अन्यथा सरकारी एजेंसियों द्वारा परेशान किये जाने की आशंका बनी रहेगी। इस चेतावनी का मतलब समझना किसी के लिए भी मुश्किल नहीं होना चाहिएङ्कहर चुनाव के मौके पर इस आशय के समाचार मिलते रहे हैं कि फलां जगह इतना बेहिसाबी पैसा पकड़ा गया, फलां जगह उम्मीदवार मतदाता को पैसा बांटते देखा गया। इस बीच शायद यह समाचार भी आपने देखा-पढ़ा होगा जिसमें देश की वित्तमंत्री को यह कहते हुए बताया गया है कि वे चाहते हुए भी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकतीं, क्योंकि उनके पास चुनाव लड़ने लायक पैसा नहीं है! चुनाव जनतंत्र का उत्सव ही नहीं होता एक तरह से प्राण भी होता है। जनता की सार्थकता का एक पैमाना यह भी है कि मतदाता कितनी स्वतंत्रता और समझदारी से मतदान के द्वारा अपना प्रतिनिधि चुनता है। चुनाव लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, यह निर्विवाद है। मतदाता तक पहुंचने के लिए, उस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज़रूरी साधन बिना पैसे के नहीं जुट सकते। सवाल यहां कितने पैसे खर्च करने का है। चुनाव आयोग द्वारा लगाए गये अनुमान के आधार पर यह सीमा तय की गयी है कि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार क्रमशः 75 लाख और 40 लाख रुपये खर्च कर सकता है। व्यवस्था यह भी की गयी है कि मतदान के बाद एक निश्चित अवधि में उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये गये खर्च का पूरा ब्योरा देना होता है, और यदि यह खर्च तय सीमा से अधिक पाया जाता है तो चुनाव- परिणाम रद्द घोषित हो सकता है। तो क्या हमारे यहां 75 अथवा 40 लाख रुपये में चुनाव लड़ा जा सकता है? इस प्रश्न का एक उत्तर तो यह है कि चुनाव खर्च की सीमा सिर्फ उम्मीदवार द्वारा खर्च की गयी राशि के लिए ही निर्धारित है, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के लिए कितना भी खर्च करने के लिए स्वतंत्र हैं! इसीलिए सभी राजनीतिक दल अपने 'स्टार प्रचारकों' की सूची घोषित करते हैं और उनके द्वारा किया गया खर्च चुनाव-आयोग की जांच के अंतर्गत नहीं आता। यह स्टार प्रचारक चार्टर्ड विमान द्वारा यात्रा करते हैं, लंबे-चौड़े 'रोड शो' करते हैं, लाखों समर्थकों वाली रैलियां करते हैं। यह सारा खर्च राजनीतिक दल करते हैं। इसीलिए इन दलों द्वारा की गई 'उगाही' को लेकर सवाल उठते हैं। पूछा जाता है कि अक्सर सत्तारूढ़ दलों को अधिक चंदा मिलता है, इस बात की जांच क्यों नहीं होती कि सत्तारूढ़ दल, या बाकी दल भी, इस चंदे के बदले में चंदा देने वालों को अनुचित लाभ तो नहीं देते? स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी किए गए 'चुनावी बॉण्ड' इसलिए विवाद का विषय बने हैं कि इन बॉण्डों की अधिकतर राशि सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा के हिस्से में क्यों आयी है? लगातार घाटे में रहने वाले व्यावसायिक संस्थानों ने भी बढ़-चढ़कर यह चुनावी बॉण्ड क्यों खरीदे हैं और किस राजनीतिक दल के खाते में यह राशि पहुंची है? उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉण्डों की इस योजना को गैरकानूनी करार दिया जाना भी कुल मिलाकर चुनावी खर्चे से ही जुड़ा है!

पिछले कुछ सालों में राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में खर्च की जाने वाली राशि को लेकर कई तरह के सुझाव दिये जाते रहे हैं। यह सवाल भी अक्सर उठा है कि चुनावों में होने वाला असीमित खर्च जनतंत्र में सबको समान अवसर की अवधारणा को ही सवालों के घेरे में नहीं ले आता? ज्ञातव्य है कि आज देश की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे का जीवन जी रही है। सरकारी पक्ष भले ही बीस करोड़ से अधिक लोगों को इस रेखा से ऊपर ले आने का दावा कर रहा हो, पर यह हकीकत अपने आप में भयावह है कि आज देश की अस्सी करोड़ जनता को सरकार द्वारा मुफ्त भोजन दिये जाने की ज़रूरत पड़ रही है। स्पष्ट है, अस्सी करोड़ लोग अपना पेट भरने लायक कमाई नहीं कर पा रहे हैं। विडंबना यह भी है कि मुफ्त खाद्यान्न दिये जाने की इस व्यवस्था को सत्तारूढ़ पक्ष अपनी उपलब्धि के रूप में भुना रहा है! सबको विकास का समान अवसर देने का दावा करता है जनतंत्र। चुनाव लड़ने के लिए भी समान अवसर जैसी कोई बात होनी चाहिए थी, पर विडंबना है कि हमारी व्यवस्था में ऐसी कोई बात नहीं है जो यह आश्वासन देती हो कि दुनिया का सबसे बड़ा जनतंत्र होने का दावा करने वाले हमारे देश में हर नागरिक चुनाव लड़ सकता है। यह दुर्भाग्य ही है कि हमारी चुनावी-व्यवस्था पर बाहुबली और धनबली हावी हैं।

हमारी संसद के दोनों सदनों में करोड़पतियों का बड़ी संख्या में होना भी यही संकेत देता है कि देश का आम आदमी वोट भले ही दे सकता हो, और उसके वोट की कीमत भले ही उतनी ही हो जितनी 'खास आदमी' के वोट की होती है, पर यह आम आदमी चुनाव लड़कर आसानी से संसद में नहीं पहुंच सकता। आज हमारी राज्यसभा में नब्बे प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, 543 सांसदों वाली हमारी लोकसभा में 475 सांसदों का करोड़पति होना भी क्या यह नहीं बताता कि सांसद या विधायक बनने के लिए उम्मीदवार की जेब भारी होना भी एक ज़रूरी शर्त है! फिर, यह भी ध्यान रखना होगा कि ये करोड़पति वास्तव में करोड़ोंपति हैं! हकीकत यही है कि संसद और विधानसभाओं में पहुंचने के लिए उम्मीदवार और उनका दल निर्धारित राशि से कहीं अधिक खर्च कर रहा है। और यह खर्च हर चुनाव में बढ़ ही रहा है।

पिछले आम-चुनाव में तो एक विजयी उम्मीदवार ने सार्वजनिक घोषणा की थी कि उसने चुनाव में आठ करोड़ रुपये खर्च किए थे? पता नहीं इस घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई की थी अथवा नहीं, पर यह तो प्रमाणित हो ही जाता है कि धन-बल हमारे जनतंत्र पर हावी होता जा रहा है। था कोई ज़माना जब आर्थिक रूप से कमज़ोर व्यक्ति भी संसद या विधानसभा में पहुंचने का सपना देख सकता था। मुझे याद है दूसरे आम चुनाव में राजस्थान के सिरोही विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़क पर बैठकर जूते ठीक करने वाला एक उम्मीदवार चुनाव जीता था। तब उसे चंदा इकट्?ठा करके इतना पैसा दिया गया था कि वह ढंग से ठीक-ठाक तरीके से राज्य की राजधानी जयपुर पहुंचकर विधायक पद की शपथ ले सके। क्या आज हम ऐसी किसी स्थिति की कल्पना कर सकते हैं?

# ईवीएम सवाल नहीं, सही जवाब है

**वहीं भाजपा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से अधिक खर्च करती दिख रही थी, (स्वाभाविक रूप से, सत्ता में पार्टी होने के कारण उसके पास अधिक धन था)। दूसरी ओर, चाहे ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल और वह अन्य लोग जो प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर नजरें लगाए बैठे हैं**

सात चरण के मतदान के पहले चरण में 543 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 102 के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान हुए। परिणाम के लिए हमें 4 जून तक इंतजार करना होगा। इस दौरान देश इन बातों को लेकर अटकलों में व्यस्त रहेगा कि 'कौन जीतेगा या हारेगा' या क्या भाजपा '400 पार' के अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएगी। इतने लंबे समय तक लोगों का ध्यान भटकाने से बचना चाहिए था। अगली बार, चुनाव आयोग को एक छोटा मतदान कार्यक्रम तैयार करना चाहिए ताकि देश सामान्य स्थिति में लौट सके और नव-निर्वाचित सरकार आदर्श आचार संहिता के लंबे अंतराल के बिना शासन के काम में लग सके, जिसके तहत सभी सरकारों में सभी नीतिगत निर्णय बंद होने चाहिए।

खुशी की बात है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बदौलत वोटों की गिनती एक दिन की छोटी प्रक्रिया होगी। ईवीएम से पहले के युग में गिनती भी चार या पांच दिनों तक चलती थी क्योंकि प्रत्येक मतपत्र की गिनती की जाती थी, प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अलग-अलग बंडलों में रखा जाता था और आखिर में अंतिम नतीजे पर पहुंचने के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों से परिणाम का मिलान किया जाता था। यह एक कठिन प्रक्रिया थी जिसके कारण अक्सर उम्मीदवारों के गिनती एजेंटों के बीच वैध और अवैध वोटों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप होते थे। ईवीएम से ऐसी कोई परेशानी नहीं होती। बड़े पैमाने पर देश को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पेशेवर पीआईएल वालों की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया, जिन्होंने उन्होंने फिर से बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने की मांग की थी। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्हें ईवीएम पर कोई भरोसा नहीं था। भले ही वे यह साबित करने में बार-बार विफल रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए ईवीएम में हेरफेर किया जाता है लेकिन हारे हुए लोगों के लिए ईवीएम के माध्यम से वोट की पारदर्शिता पर सवाल उठाना एक आदत बन गई है। केवल हारने वाले ही ईवीएम की प्रामाणिकता को चुनौती देते हैं। तथ्य यह है कि ईवीएम की वास्तविकता को और अधिक स्थापित करने के लिए कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में कम से कम पांच प्रतिशत ईवीएम पेपर ट्रेल से सुसज्जित हैं, हालांकि यह भी संदेह करने वालों के लिए पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वह कागजी मतपत्रों के जरिए मतदान में बड़े पैमाने पर होने वाली गड़बड़ियों से पूरी तरह वाकिफ हैं। नि-संदेह एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 'अब की बार 400 पार' के चुनावी नारे का नेतृत्व किया तो वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पूरे देश में प्रचार किया लेकिन दोनों ही नेताओं का जोर इस बात पर रहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में क्या उपलब्धियां हासिल की हैं और जनादेश मिलने पर वह अगले पांच वर्षों में क्या करेगी। 'मोदी की गारंटी' और 'ये तो अभी ट्रेलर है' ऐसे नारे थे जिनके इर्द-गिर्द पार्टी ने अपना पूरा चुनाव अभियान चलाया। तेजी से नुक्कड़-सभाओं और घर-घर जाकर प्रचार करने के बजाय सोशल मीडिया प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की ओर से वोटों के लिए अपनी लड़ाई छेड़ने का वास्तविक युद्ध का मैदान बन गया है, जैसा कि आपेक्षित था।

वहीं भाजपा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से अधिक खर्च करती दिख रही थी, (स्वाभाविक रूप से, सत्ता में पार्टी होने के कारण उसके पास अधिक धन था)। दूसरी ओर, चाहे ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल और वह अन्य लोग जो प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर नजरें लगाए बैठे हैं, वह भले ही इसे पसंद करें या न करें लेकिन इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी नेताओं में अकेले राहुल गांधी ही मोदी विरोधी सबसे ऊर्जावान और दृश्यमान चेहरे के रूप में उभरे हैं। राहुल अपने अक्सर अनुचित तरीकों से मोदी और भाजपा-आरएसएस पर हमला करते रहे हैं। वह अपनी छवि के बारे में सोशल मीडिया पर चल रहे व्यंग्य से निडर होकर और बिना किसी रोक-टोक के प्रधानमंत्री पर निशाना साधने में लग गए। वैसे यह तो तय है कि भाजपा सत्ता बरकरार रखने की प्रबल दावेदार है, हालांकि '400-पार' का जवाब 4 जून को ही मिलेगा। 2004 में स्वर्गीय वाजपेयी और प्रमोद महाजन के विपरीत मोदी और शाह, आत्मसंतुष्ट होने वाले अंतिम व्यक्ति हैं और दोनों अथक प्रचारक हैं।

# अपने क्षत्रपों से भी मिल रही है भाजपा को चुनौती

**उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के राजपूतों में भाजपा को लेकर एक रोष नजर आ रहा है। राजपूतों के आक्रोश की वजह है 23 मार्च को दिया गया केंद्रीय मंत्री परुषोत्तम रूपाला का वो बयान जिसमें उन्होंने कहा था 'विदेशी शासकों और अंग्रेजों के उत्पीड़न के आगे तत्कालीन महाराजाओं ने अपने घुटने टेक दिए थे**

लोकसभा चुनाव का पहला चरण चुपचाप गुज़र गया है, पर अनुशासित कही जाने वाली भाजपा में चुप सन्नाटों की बतकहियां बेतरह शोर मचा रही हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे हिंदी पट्टी के बड़े राज्यों में किनारे कर दिए गए भगवा क्षत्रप तेवर दिखा रहे हैं और उनके समर्पित समर्थक अपने नेताओं के मनोभवों के अनुरूप ही आचरण कर रहे हैं। शिवराज की जगह जब से मोहन यादव को प्रदेश की कमान सौंपी गई है ?शिवराज समर्थकों की नाराज़गी गाहे-बगाहे दिख ही जाती है। इनके बीच एक आम धारणा बलवती हुई है कि 'दूसरे दलों से आए नेताओं को पार्टी में ज्यादा तरजीह दी जा रही है और भ्रष्टाचार अब पार्टी के लिए इतना बड़ा मुद्दा भी नहीं रह गया है।' अब राजस्थान का ही मामला ले लें वसुंधरा राजे को सुनियोजित तरीके से किनारे करने के बाद भाजपा नेतृत्व ने कोई 5 वर्षों के बाद मानवेंद्र सिंह जसोल की घर वापिसी कराई है। सनद रहे कि मानवेंद्र सिंह वाजपेयी के बेहद करीबी रहे पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं जिनका वसुंधरा से हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। वसुंधरा से मतभेदों के चलते ही मानवेंद्र ने 2018 में भाजपा छोड़ कांग्रेस ज्वॉइन कर ली थी और वसुंधरा के सामने ही कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था और उस चुनाव में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद फिर से 2023 के विधानसभा चुनाव में मानवेंद्र सिवाना सीट से चुनाव लड़े लेकिन एक बार फिर से उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।

भाजपा नेतृत्व से वसुंधरा की नाराज़गी भी अब सार्वजनिक तौर पर सामने दिखने लगी है। वसुंधरा तो अब चुनाव प्रचार के लिए घर से भी नहीं निकल रहीं। सूत्रों की मानें तो वसुंधरा की नाराजगी की वजह से भाजपा को 5-7 सीटों का नुक्सान उठाना पड़ सकता है जिसमें बाड़मेर, चुरु, दौसा जैसी सीटों के नाम लिए जा सकते हैं। बाड़मेर में पीएम मोदी की बड़ी रैली भी हुई है। मानवेंद्र सिंह को इस संसदीय सीट का जिम्मा भी सौंपा गया, फिर भी भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार कैलाश चौधरी मुकाबले में पिछड़ते नजर आ रहे हैं। पिछड़ तो कांग्रेस के उम्मेद राम बेनीवाल भी रहे हैं क्योंकि यहां से एक निर्दलीय युवा उम्मीदवार रविन्द्र सिंह भाटी मैदान मारने को तैयार बताए जाते हैं।

उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के राजपूतों में भाजपा को लेकर एक रोष नजर आ रहा है। राजपूतों के आक्रोश की वजह है 23 मार्च को दिया गया केंद्रीय मंत्री परुषोत्तम रूपाला का वो बयान जिसमें उन्होंने कहा था 'विदेशी शासकों और अंग्रेजों के उत्पीड़न के आगे तत्कालीन महाराजाओं ने अपने घुटने टेक दिए थे और यहां तक कि अपनी बेटियों की शादियां भी उनसे कर दी थीं लेकिन दलित समाज ने ऐसा नहीं किया जबकि उनके ऊपर ज्यादा अत्याचार हुए।' क्षत्रिय समाज रूपाला के बयान से इतना आहत हुआ कि उन्होंने भाजपा से रूपाला की टिकट वापिस लेने की मांग तक कर दी। बवाल इतना बढ़ा कि अन्य राज्यों के राजपूतों में भी इसका असर दिखने लगा। मामले को तूल पकड़ता देख केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। गांधी नगर से अपना नामांकन भरने से पहले एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 'रूपाला ने दिल से क्षत्रिय समाज से माफी मांग ली है अब तो उन्हें छोड़ दो।' वहीं सूत्र बताते हैं कि क्षत्रिय समाज की नाराज़गी की एक और बड़ी वजह है कि इस दफे के चुनाव में भाजपा ने राजपूतों की जगह ओबीसी जातियों को ज्यादा महत्व दिया है। यूपी जैसे बड़े राज्य में अब तक केवल 3 राजपूतों को ही पार्टी टिकट मिल पाई है।

इस दफे मनीष तिवारी जैसा चाहते थे वैसा ही हुआ, वे आनंदपुर साहिब की जगह चंडीगढ़ से अपने लिए पार्टी टिकट चाहते थे वजह चंडीगढ़ अपेक्षाकृत एक छोटी सीट है, यहां महज़ साढ़े 6 लाख मतदाता हैं। पढ़े-लिखे मतदाताओं की ज्यादा बड़ी आबादी है।



# बलराज ने रोइंग में भारत को पहला ओलिंपिक कोटा दिलवाया

## नारायण -अनीता ने पैरा मिक्स्ड डबल्स में पेरिस के लिए कटवाया टिकट

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

बलराज पंवार ने रोइंग में भारत के लिए पहला कोटा हासिल किया है। वहीं पैरा मिक्स्ड डबल्स में नारायण कोंगनापल्ले और अनीता की जोड़ी ने भी पेरिस में होने वाले पैरा ओलिंपिक के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। साउथ कोरिया के चुंगजू में आयोजित एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में मेंस सिंगल्स के स्कल इवेंट में बलराज तीसरे स्थान पर रहे। इसके साथ ही उन्होंने रोइंग में भारत को पहला कोटा दिलवाया। उन्होंने 2000 मीटर रेस में 7 मिनट 01.27 सेकेंड का समय लेकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्कल के इस इवेंट में टॉप पांच खिलाड़ी को ओलिंपिक कोटा मिलना था। ऐसे में बलराज को तीसरे स्थान पर रहने के कारण कोटा मिला।




### लाइटवेट डबल स्कल्स में कोटा से चूके

वहीं उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में कोटा हासिल नहीं कर सके। भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में इस इवेंट में हिस्सा लिया था। उज्जवल और अरविंद डबल स्कल्स में तीसरे स्थान पर रहे और कोटा हासिल नहीं कर सके।

### नारायण कोंगनापल्ले और अनीता ने लिया करीब 8 मिनट का समय

वहीं नारायण कोंगनापल्ले और अनीता ने पैरा के मिक्स्ड डबल्स स्कल इवेंट में पहला स्थान हासिल कर पेरिस में ही होने वाले पैरा ओलिंपिक के लिए कोटा हासिल किया है। नारायण और अनीता की जोड़ी ने डबल स्कल पैरा रोवर्स में 7:50:80 का समय लिया।

# टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने संन्यास का ऐलान किया: दो ग्रैंड स्लैम जीते



पूर्व वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में ही पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने ये फैसला लंबे समय से टेनिस से दूर रहने की वजह से किया है। मुगुरुजा 2023 जनवरी से टेनिस नहीं खेली हैं।

उन्होंने शनिवार को मैड्रिड में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है।

**विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हरा चुकी हैं**

मुगुरुजा विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हराने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 2016 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वहीं स्पेनिश खिलाड़ी मुगुरुजा के नाम 10 करियर खिताब है। वह 2015 विम्बलडन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं

**1998 के बाद फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली स्पेनिश खिलाड़ी**

मुगुरुजा के पिता स्पेनिश हैं। जबकि मां वेनेजुएला की हैं। मुगुरुजा ने टेनिस का प्रशिक्षण लेने के लिए बार्सिलोना चली गईं। उन्होंने 2016 में फ्रेंच ओपन जीता। वह 1998 फ्रेंच ओपन में अरांत्सा सांचेज़ विकारियो के बाद ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने वाली पहली स्पेनिश महिला बनीं।

# नाइजीरियाई शतरंज चैम्पियन ने 60 घंटे शतरंज खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली ● एजेंसी**



नाइजीरिया के शतरंज चैम्पियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला। ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिये पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। ओनाकाया एक बाल शिक्षा अधिवक्ता हैं, उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 12:40 बजे 60 घंटे तक शतरंज खेलते रहे। इस तरह उन्होंने 56 घंटे नौ मिनट और 37 सेकंड के मौजूदा शतरंज मैराथन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो 2018 में नार्वे के हॉलवर्ड हॉग फ्लैटबो और सजुर फर्किंगस्टेड ने बनाया था।

# अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश फोगाट

**बिश्केक ● एजेंसी**

ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।% इस 29 साल की पहलवान ने कहा, 'मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे



मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है। विनेश ने कहा, 'मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया। मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं। मैं 50 किग्रा वर्ग में जाऊंगा या 53 किग्रा वर्ग में, यह ट्रायल में तय होगा, लेकिन जो भी हो, मैंने अपने देश के लिए कोटा जीता है।% विनेश को इससे पहले रियो और तोक्यो ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा है। लेकिन वह अब हर हाल में ओलंपिक पदक के सपने को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहती हूं। मुझे कुश्ती करते हुए 20 साल हो गए हैं। मुझे बस ओलंपिक पदक चाहिए। हर कोई इसके लिए काम कर रहा है।% विनेश ने दावा किया था कि वह अवसाद से जूझ रही थीं और यहां तक कि वह कोविड-19 की चपेट में भी आ गई थीं और तत्कालीन डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लंबे समय तक विरोध और कानूनी लड़ाई के कारण मानसिक दबाव काफी बढ़ गया था। इन सब के बावजूद वह बिश्केक में कोटा जीतने में सफल रही। उन्होंने कहा, 'यह कठिन था लेकिन जब आप जीतते हैं तो हर चीज सार्थक हो जाती है। मैं अगले चार पांच दिन शांति के साथ रह सकती हूं। मेरा मुख्य लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मैं वह करने की कोशिश करूंगी जो पिछले दो ओलंपिक में नहीं कर सकी। मैं इस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं।

# नंबर-7 पर पहुंची दिल्ली, हेड के 300+ रन हुए

**मुंबई ● एजेंसी**

IPL 2024 के 35 मैच पूरे हो गए हैं। शनिवार को खेले गए मुकाबले में हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रन से हरा दिया। इस रिजल्ट के बाद SRH 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर आ गई। वहीं DC 7वें नंबर पर खिसक गई।

**10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंची हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली में शनिवार को पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 267 रन बनाए। दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 199 रन बनाकर सिमट गई। हैदराबाद के अब 7 मैचों में 5 जीत और 2 हार से 10 पॉइंट्स हो गए। टीम कोलकाता को पीछे कर दूसरे नंबर पर पहुंची, इससे पहले SRH चौथे नंबर पर थी। दिल्ली के अब 8 मैचों में 3 जीत और 5 हार से 6 पॉइंट्स रह गए। टीम मुंबई से भी नीचे 7वें नंबर पर खिसक गई, इससे पहले DC छठे नंबर पर थी।

**RCB को 9वें नंबर पर आने के लिए बड़ी जीत चाहिए**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एकमात्र टीम है, जिसे 7 मैचों में एक ही जीत मिली। इसीलिए टीम 2 पॉइंट्स लेकर 10वें नंबर पर है। कोलकाता को हराने पर भी टीम 4 पॉइंट्स के साथ 10वें नंबर पर ही रहेगी। लेकिन जीत अगर 90 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही, तभी टीम 9वें नंबर पर पहुंच सकेगी। हारने पर टीम 10वें नंबर पर ही रहेगी।



**गुजरात के पास टॉप-5 में आने का मौका**

गुजरात टाइटंस के 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार से 6 पॉइंट्स हैं। इतने ही पॉइंट्स मुंबई और दिल्ली के भी हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण दोनों टाइटंस से आगे हैं। गुजरात फिलहाल 8वें नंबर पर है। पंजाब को हराने पर टीम 8 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच जाएगी। 8-8 पॉइंट्स कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ के भी हैं। लेकिन इनसे आगे निकलने के लिए गुजरात को 140 या उससे ज्यादा रन के अंतर से मैच जीतना होगा।

**टॉप स्कोरर में दूसरे नंबर पर पहुंचे ट्रैविस हेड**

SRH के ट्रैविस हेड ने दिल्ली के खिलाफ 32 बॉल पर 89 रन बनाए। वह टॉप स्कोरर में दूसरे नंबर पर पहुंच गए, उनके नाम 6 मैचों में 324 रन हो गए। RCB के विराट कोहली 361 रन के साथ पहले नंबर पर है। वह आज 17वें सीजन में 400 रन बनाने वाले पहले प्लेयर बन सकते हैं।

**सिक्सर किंग अब भी क्लासन ही हैं**

SRH के हेनरिक क्लासन ने शनिवार को 2 सिक्स लगाए, इसी के साथ टॉप सिक्स हिटर में वह 26 छक्कों के साथ पहले नंबर पर बरकरार हैं। उन्हीं की टीम के अभिषेक शर्मा 24 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंचे।

# पूर्व RBI गवर्नर बोले- फ्रीबीज पर श्वेत पत्र लाए सरकार

■ इसके फायदे और नुकसान लोगों को बताए, समाप्त करने पर भी चर्चा की जरूरत

**नई दिल्ली ● एजेंसी**


पॉलिटिकल पार्टिज की ओर से ऑफर की जाने वाली फ्रीबीज यानी मुफ्त के उपहारों पर सरकार को श्वेत पत्र लाने की जरूरत है। यह बात रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कही है।

पीटीआई-भाषा के साथ एक इंटरव्यू में पूर्व गवर्नर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लीडरशिप में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को इन मुफ्त उपहारों के फायदे और नुकसान के बारे में जागरूक करे।

फ्रीबीज पर एक व्यापक डीस्कशन की जरूरत है कि कैसे राजनीतिक दलों को ऐसा करने से रोका जाए। फ्रीबीज को आम बोलचाल की भाषा में रेवड़ी और इसे देने के चलन को रेवड़ी कल्चर कहते हैं।

**जरूरतमंद लोगों के लिए जरूरी**

डी. सुब्बाराव ने कहा कि भारत जैसे देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह समाज के सबसे कमजोर तबके के लोगों को कुछ मुफ्त सुविधाएं दे। साथ ही, यह भी देखे कि इन फ्री सुविधाओं की जरूरत कब तक है।



**2008 से 2013 तक RBI के 22वें गवर्नर थे सुब्बाराव**

दुव्वुरी सुब्बाराव 1972 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के IAS ऑफिसर हैं। 5 सितंबर 2008 से 4 सितंबर 2013 तक RBI के 22वें गवर्नर थे। RBI से हटने के बाद, वह पहले नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर और बाद में पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय में एक विजिटिंग फेलो रहे।

**औपचारिक सरकारी दस्तावेज होता है श्वेत पत्र**

श्वेत पत्र यानी वाइट पेपर एक रिपोर्ट, गाइड, रिसर्च बेस्ड पेपर या औपचारिक सरकारी दस्तावेज होता है। यह किसी विषय या समस्या के समाधान, नीति प्रस्तावों के बारे में एक्सपर्ट के एनालिसिस के आधार पर पेश किया जाता है। ये सफेद कवर में बंधा होता है। यही कारण है कि इसे श्वेत पत्र कहा जाता है।

आमतौर पर राजनीति में इसका उपयोग सरकारें ऐतिहासिक रूप से नई पॉलिसी या कानून को पेश करने के लिए करती हैं। इसका उपयोग गवर्नमेंट इनिशिएटिव, किसी स्कीम या पॉलिसी पर जनता की राय जानने के लिए किया जाता है।

# शीर्ष 10 कंपनियों में छह का बाजार पूंजीकरण 1.40 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी। राम नवमी के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद थे। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन बढ़ा।



दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,538.64 करोड़ रुपये घटकर 13,84,804.91 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस को अपने मूल्यांकन में 30,488.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी का मूल्यांकन 5,85,936.45 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 26,423.74 करोड़ रुपये घटकर 7,49,023.89 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,234.76 करोड़ रुपये घटकर 6,70,059.86 करोड़ रुपये रह गया।

आईटीसी का मूल्यांकन 6,616.9 करोड़ रुपये घटकर 5,30,350.97 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 176.22 करोड़ रुपये घटकर 5,24,487.51 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 37,797.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,30,658.36 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,420.17 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,314.93 करोड़ रुपये हो गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,397.82 करोड़ रुपये बढ़कर 19,90,195.52 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 1,201.75 करोड़ रुपये बढ़कर 6,15,453.90 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# JNK इंडिया का IPO 23 अप्रैल को ओपन होगा

## इश्यू से जुटाए रूपए 650 करोड़ का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल में होगा

JNK इंडिया लिमिटेड का रूपए 650 करोड़ का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 23 अप्रैल 2024 को ओपन होने जा रहा है। कंपनी ऑयल रिफाइनरीज और पेट्रोकेमिकल प्लांट्स जैसी प्रोसेस इंडस्ट्री के लिए हीटिंग इक्विपमेंट बनाती है।

JNK इंडिया के CEO दीपक कचरूलाल भरूका ने बताया कि इस पब्लिक इश्यू से जुटाए गए पूरे फंड का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल रिक्वायरमेंट्स को पूरा करने के लिए करेगी। दीपक भरूका ने कहा, IPO के बाद प्रमोटर्स की कंपनी में हिस्सेदारी करीबन 70% रहेगी। प्रमोटर्स इस इश्यू के जरिए अपनी लगभग 30% हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

# Hybrid mutual fund ने की वापसी, बीते वित्त वर्ष में 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया

**नयी दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने के कारण हुई। मार्च, 2024 में इस खंड में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। अप्रैल में वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत से ही ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से यह श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है। इससे पहले, मार्च




में इस खंड में 12,372 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी देखी गई थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक हाइब्रिड श्रेणी में बीते वित्त वर्ष में 1.45 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह देखा गया, जबकि वित्त वर्ष 202-23 में 18,813 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी।

# Iran-Israel संघर्ष : होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हुआ तो बढ़ सकती हैं तेल, एलएनजी की कीमतें

नयी दिल्ली। ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं।



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है, लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है।

# सरकार ने FY24 में रूपए 23.37 लाख करोड़ का डायरेक्ट-टैक्स वसूला: ये पिछले साल से रूपए 2.95 लाख करोड़ ज्यादा, रूपए 3.79 लाख करोड़ रिफंड भी जारी किया

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

वित्त वर्ष 2023-24 (FY24) में नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) सालाना आधार पर 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 16.63 लाख करोड़ रुपए का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन हुआ था। यानी बीते साल के मुकाबले नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 2.95 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) 18.48% बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया है।




**3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया**

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड भी जारी किया गया है। ये पिछले साल की तुलना में किए गए रिफंड से 22.74% ज्यादा है। ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में से रिफंड करने के बाद जो पैसा बचता है वहीं नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन होता है।

**पर्सनल इनकम टैक्स में ग्रोथ रेट 24.26% रही**

ग्रॉस पर्सनल इनकम टैक्स सालाना आधार पर 24.26% बढ़कर 12.01 लाख करोड़ रुपए (प्रोविजनल) पर पहुंच गया। वहीं नेट पर्सनल इनकम टैक्स 25.23% की ग्रोथ देखने को मिली और ये 10.44 लाख करोड़ रुपए (प्रोविजनल) रहा।

**डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स में अंतर**

डायरेक्ट टैक्स वो टैक्स है जिसे सीधे आम आदमी से वसूला जाता है। डायरेक्ट टैक्स में कॉर्पोरेट और पर्सनल इनकम टैक्स आता है। शेयर या दूसरी संपत्तियों पर लगने वाला टैक्स भी डायरेक्ट टैक्स की श्रेणी में आता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा लोकसभा की सांची, भोजपुर और बुधनी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया

## मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनेगा भारत: शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती पर उन्हें नमन किया और देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृध्दि और शांति, खुशहाली की कामना की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को विदिशा लोकसभा की सांची, भोजपुर और बुधनी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया और अहमदपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर महा-जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान शिवराज ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और बाजार, दुकानों में भी लोगों से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। शिवराज जहां-जहां भी गए पूरा क्षेत्र शिवराजमय नज़र आया। हर कोई शिवराज का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत कर रहा था तो युवाओं के हाथों में पार्टी के झंडे लहरा रहे थे। भांजे-भांजियां मामा-मामा पुकार रहे थे। तो बहनों ने अपने भैया को गले लगाया। वहीं बड़े बुजुर्गों ने शिवराज सिंह के सिर पर हाथ रख उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

खुद जीत नहीं सकते, कांग्रेस को क्या जिताएंगे

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता मैडम सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ले ली है। क्योंकि उन्हें पता है कि, चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे। वहीं कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। जो नेता खुद जीतने में सक्षम ना हो वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे। कांग्रेस अपने गलत फैसलों की वजह से गर्त में जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी कहते हैं कि, भाजपा के घोषणा पत्र में गरीबों का जिक्र नहीं किया। राहुल बाबा तुम्हें हिंदी नहीं आती तो हम क्या करें, अंग्रेजी भी नहीं आती तो इटली की भाषा में हम नहीं लिख सकते। घोषणा पत्र में अगले पांच सालों तक गरीबों को मुफ्त राशन, घर-घर पानी, मुफ्त इलाज का जिक्र है। ये सब गरीबों के लिए ही है।

हर बहन बनेगी लखपति दीदी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैंने बचपन में बेटा-बेटी में भेदभाव होते देखा था, तब से बहनों की तकलीफें दूर करने का प्रयास करता था। बेटी को बोझ समझा जाता था, इसलिए मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की ताकी बेटी बोझ नहीं वरदान बनें। वहीं गरीब बहनें बच्चे को जन्म देने के आंठ दिन बाद ही जमदूरी करने निकल पड़ती थी, तो बहनों को 12 हजार रूपए की राशि देने की योजना बनाई। फिर लाड़ली बहना योजना बनाई। इस योजना से बहनों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आए। अब प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है और भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है कि, हर बहन को लखपति दीदी बनाना है। लखपति दीदी का मतलब घर का कामकाज करते हुए हर बहन की सालाना आय एक लाख रूपए से अधिक हो।



नेता नहीं परिवार का सदस्य हूं

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, मैं नेता नहीं आपके परिवार का सदस्य हूं। हम सब एक ही परिवार है और हम सबको मिलकर विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र को एक आदर्श लोकसभा बनाना है। उन्होंने कहा कि, आपको कांग्रेस का जमाना तो याद ही होगा, जब सड़कें नहीं हुआ करती थी, ना बिजली, ना पानी, घनघौर अंधेरा था। कांग्रेस ने प्रदेश में कभी भी कोई विकास नहीं किया। मध्यप्रदेश में विकास के काम केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किए है। कांग्रेस की सरकार में किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज दिया जाता था, जबकि भाजपा की सरकार ने इसे 0 प्रतिशत किया। किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के किसानों के खाते में 12 हजार रूपए आ रहे हैं। बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए सीएम राइज़ स्कूल खोले गए हैं, जहां प्राइवेट स्कूलों से अच्छी सुविधाएं हैं। गरीब के बेटा-बेटी आज डॉक्टर, इंजीनियर बन रहें हैं, उनकी फीस भरने का काम राज्य सरकार कर रही है। कोई भी बिना घर और बिना इलाज के नहीं रहेगा। पीने का पानी घर-घर आएगा। आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने का पूरा विज़न और रोडमैप है। हम केवल वोट के लिए नहीं है, जनता का भाग्य बनाने के लिए है।

घर-घर किया जनसंपर्क

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में जोरो-शोरो से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र के अहमदपुर, सांचेत, मंडीदीप, तारानगर, साढ़े बाहर गांव और बुधनी में महाजनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया और चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही शिवराज ने जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान चौहान जहां-जहां भी पहुंचें वहां-वहां मामा-मामा के नारे गूंजने लगे। भांजे-भांजियां, मामा-मामा पुकारते हुए शिवराज के गले लग गए। शिवराज सिंह और बच्चों का प्रेम और स्नेह देखते ही बनता है। शिवराज ने भी बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें दुलार किया। वहीं बहनों ने भी भैया शिवराज को तिलक कर उनकी आरती उतारी। युवाओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया तो वहीं बड़े-बुजुर्गों ने शिवराज सिंह चौहान के सिर पर हाथ रख उन्हें विजयी भवः का आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क के दौरान ग्राम सांचेत में एक बुजुर्ग महिला शिवराज के गले लगी तो शिवराज भी भावुक नज़र आए।

तुम ही शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं अथॉरिटी देहहा हूं कि, तुम ही शिवराज हो और तुम ही उम्मीदवार हो। शिवराज बनकर घर से निकल जाओ, सभी बहनें भी घर निकलें और हर घर में संपर्क करें। हर घर तक पहुंचना है, हर दरवाजे तक जाना है। तुम्हारी गारंटी को शिवराज पूरा करेगा। मेरी एक तमन्ना है कि, पांच साल ऐसा काम करूं कि, पूरा भारत विदिशा संसदीय क्षेत्र को देखने आए। यहां के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आप जीत का रिकॉर्ड बनाओ और मैं विकास का रिकॉर्ड बनाउंगा। मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रही है। इसलिए विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से सबसे सुंदर कमल खिलाकर मोदी जी को भेंट करना है।

**भारत को दुनिया प्रणाम कर रही**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ऐसा भारत खड़ा हो रहा, जिसे पूरी दुनिया प्रणाम कर रही है, चारों तरफ भारत की जय-जयकार हो रही है। ये केवल मोदी जी की गौरवगाथा नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की गौरवगाथा है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में हमारा देश, दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा और दुनिया को दिशा दिखाने वाले भारत का सपना साकार हो होगा।

# 17 हैंडपम्पो की मरम्मत कर चालू किये गये

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में किये जा रहे उपायो के तहत अब पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतो तथा हैंडपम्पो की मरम्मत के संबंध में प्रतिदिन पेयजल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। संबंधित गांव के व्यक्ति सुधार हुआ है या नही इसकी पुष्टि कर सकते है और यदि सुधार एवं मरम्मत नही की गई है, तो उसकी जानकारी अगले 4 दिवस में प्रदान कर सकते है। पेयजल स्त्रोतो की मरम्मत के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जानकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल के मोबाइल नंबर 6387520477 पर दी जा सकती है।

इन निर्देशो के क्रम के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि दिनांक 20 अप्रैल को 17 हैंडपम्पो की मरम्मत कर सुधार किया गया है। श्योपुर विकासखण्ड में 05, कराहल विकासखण्ड में 03 तथा विजयपुर में विकासखण्ड में 09 हैंडपम्प सुधारे गये है।

श्योपुर विकासखण्ड अतंर्गत ग्राम बर्धाबुजुर्ग में गांधी आश्रम का सहराना एवं माता का सहराना, लाडपुरा में सहराना, फूलदा में माजा जी वाला, जावदेश्वर में गुरू महाराज वाला हैंडपम्प का सुधार कार्य किया गया है। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के ग्राम नोनपुरा में घाटी के नीचे, सायपुरा में रूण्डी स्कूल, सलापुरा में नहर के पास वाला हैंडपम्प को सुधार कर चालू किया गया है।

विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम सिद्धपुरा में स्कूल के पास, सारंगपुर में प्राथमिक स्कूल, हेंता में प्राथमिक स्कूल, सिमरई में वीरू यादव के घर के पास तथा बस स्टैण्ड के पास, सुठारा में प्राथमिक स्कूल, रावत मोहल्ला, विष्णु शर्मा के घर के पास तथा रामस्वरूप जादौन के घर के पास स्थित हैंडपम्प की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया।

# हस्ताक्षर के पहले लगाई जायेगी मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही- अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी

**इन्दौर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये। आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो । यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी । परन्तु यदि किसी मतदाता के किसी भी हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसके बायें या दायें हाथ के ऐसे सिरे (ठूंठ) पर जो भी उसके हो लगायी जायेगी।

# बुलावा अभियान के अंतर्गत पीले चावल देकर मतदाताओं को दिया जा रहा है मतदान का न्योता

**इन्दौर।** इंदौर संभाग में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। अनेक गतिविधिया भी लगातार चलाई जा रही है। इसी के तहत संभाग के खरगोन जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुलावा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के माध्यम से मतदाताओं को घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान के लिए न्योता दिया जा रहा है।




खरगोन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा और स्वीप जिला नोडल अधिकारी आकाश सिंह के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुलावा अभियान प्रारंभ किया गया है। बुलावा अभियान के तहत रविवार को जिले के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने का न्योता दिया गया। घर-घर न्योता देकर जिला प्रशासन की टीम द्वारा लोगों को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि और समय बताया जा रहा है।

बुलावा अभियान के तहत मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने की अपील की जा रही है और उन्हें मतदान करने का आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने कहा जा रहा है। इस दौरान मतदाताओं को यह भी बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में सुलभ मतदान की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए रैंप भी बनाए गए है। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में पेयजल, छायादार शेड, व्हीलचेयर आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों में दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती मतदाताओं को भी किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

# बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान

**सीहोर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान, धूप और अधिक तापमान की वजह से होने वाली सामान्य परेशानियां जेसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, घबराहट, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें, पीने का पानी,जुस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते/टोपी/तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके, नंगे पांव बाहर ना निकलें, अपना ध्यान रखें लू से बचें लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है, तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।

**लू लगने के संकेत**

लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिये। लू लगने के संकेत चक्कर आना, जी मिचलाना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, सिरदर्द, हॉफना और दिल की धड़कन तेज होना आदि लक्षण अना लू लगने के संके होते है।

**डिहाइड्रेशन निर्जलीकरण के लक्षण**

डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) के लक्षण सांस लेने में तकलीफ, होंठ सूखना या खून आना, स्किन ड्राई होना, सिर दर्द, सुस्ती और थकान, एकाग्रता में कमी, कब्ज, सांस में बदबू आना, मांसपेशियों में दर्द, पेशाब कम होना या उसका रंग बदलना,शरीर में पानी की कमी होने पर होती है। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब शरीर से निकलने वाले पानी की मात्रा दिनभर में ली जाने वाली पानी की मात्रा से अधिक हो जाती है। व्यक्ति विशेष और शरीर में पानी की मौजूदगी के आधार पर समस्या की गंभीरता कम या ज्यादा हो सकती है। डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) से बचाव के उपाय तरबूज, खरबूज, संतरा जैसे रसदार फल अधिक मात्रा में खाएं, ORS ओरआरएस का घोल पिएं, नींबू पानी, छाछ, आम पन्ना, नारियल पानी या फ्रेश जूस पिएं, घर से बाहर निकलते वक्त पानी की बोतल साथ में लेकर जाएं, लगातार पानी पीते रहें, चाय-कॉफी गर्म पेय का सेवन करने से बचें यह सावधानियां आवश्यक हे।

# कम्युनिकेशन टीम का प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ तथा प्रशिक्षण नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में शासकीय पीजी कॉलेज में कम्युनिकेशन टीम का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी जिला पंचायत राजकुमार पाराशर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ ओपी शर्मा तथा डॉ रमेश भारद्वाज राहुल गौर, दीपक कुशवाह तथा कम्युनिकेशन टीम में शामिल सभी सदस्य उपस्थित रहें।

डॉ रमेश भारद्वाज ने इस अवसर पर बताया कि मतदान के दिन मॉकपोल की जानकारी तथा वास्तविक मतदान का समय एवं प्रत्येक दो-दो घंटे की जानकारी ली जाये एवं मतदान समाप्ति का समय तथा शेड़ो एरिया होने पर रनर से जानकारी लेने के बारे में बताया गया। वरिष्ठ प्रोफेसर तथा कम्युनिकेशन टीम के टीम लीडर डॉ सुभाषचन्द्र ने बताया कि वोटर टर्न आउट की जानकारी तथा मतदान प्रतिशत की जानकारी भी प्राप्त की जाए साथ ही बीएलओ से मतदान केंद्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओ फर्नीचर, पेयजल, लाइट की उपलब्धता, रेम्प आदि की जानकारी लेकर अवगत कराए। मतदान दिवस के दिन कंट्रोल रूम से समन्वय रखना होता हैं। प्रो अरविन्द दोहरे, राहुल सिंह ने कम्युनिकेशन टीम को उनके दायित्वों से अवगत कराया।

# ईव्हीएम, वीवीपीएटी का हेंण्डसऑन प्रशिक्षण 22 से 27 तक

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलो में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ईव्हीएम, वीवीएटी का हैंण्डसऑन प्रशिक्षण पीजी कॉलेज श्योपुर तथा जनपद पंचायत सभागार विजयपुर में 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक आयोजित किया गया है।

सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल प्रशिक्षण अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मतदान दलो में शामिल पी-0, पी-1, पी-2 तथा पी-3 आदि अधिकारी, कर्मचारी ईव्हीएम, वीवीपीएटी के संचालन के संबंध में उक्त तिथि में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी शंकाओ का समाधान कर सकते है। प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम, वीवीपीएटी मशीनो को हैंण्डसऑन कर उन्हे चलाकर देख सकते है तथा कोई शंका हो तो उसका समाधान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर तथा अन्य मास्टर ट्रेनर के माध्यम से कर सकते है। इसके लिए श्योपुर कॉलेज में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ ओपी शर्मा एवं डॉ रमेश भारद्वाज के नेतृत्व में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार विजयपुर में प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर हरिशंकर गर्ग एवं केसी यादव के नेतृत्व में अन्य जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहेंगे।

सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपने-अपने विभागो में अधीनस्थ ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जिनकी ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान दल में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों के रूप में लगी है, उन्हें सूचित किया जाये कि वे ईव्हीएम, वीवीपीएटी मशीनो के संचालन के संबंध में अपनी शंकाओ, जिज्ञासाओ का समाधान प्रशिक्षण पहुंचकर कर सकते है।

# मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।

यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

# जय प्रकाश चिकित्सालय में ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग का विशेष शिविर जारी

**पहली बार आधुनिक उपकरणों का उपयोग**

**भोपाल।** जिला चिकित्सालय, भोपाल में पहली बार ओरल कैंसर स्क्रीनिंग एवं उपचार के लिए ऑटोफ्लोरेंस आधारित उपकरण Velscope एवं GOCCLES की विशेष सुविधा शुरू हो गई है। अस्पताल के डेंटल विंग में यह जांच निःशुल्क की जा रही है। इसके माध्यम से शुरुआत में ही डायग्नोसिस किया जा सकता है जिससे Late Diagnosis के कारण होने वाली विरूपता एवं अन्य परेशानियों से बचा जा सकता है।

स्क्रीनिंग के लिए दंत रोग विशेषज्ञों डॉ रुचिता खाड़े, डॉ शिवांगिनी नायक, डा. हुमेरा, डॉ. शैजाह अनीस, डॉ. अपेक्षा की ड्यूटी लगाई गई है। जिला चिकित्सालय में उपलब्ध इस विशेष जांच के संबंध में अस्पताल प्रबंधक श्री प्रेमचंद गुप्ता, मोबाइल नम्बर - 8319749060 पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मुंह में सफेद अथवा लाल चकत्ता या घाव होना, मुंह की किसी जगह की त्वचा का कड़ा होना, चबाने, निगलने या बोलने में कठिनाई होना, मुंह खोलने में कठिनाई होना, आवाज में परिवर्तन होना आदि Oral Cancer के लक्षण हो सकते हैं। तंबाखू उत्पादों जैसे गुटखा, खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट का उपयोग करने वालों में Oral Cancer होने की आशंका अन्य लोगों से बहुत अधिक होती है। अतः उपरोक्त लक्षणों वाले लोगों एवं तंबाकू का उपयोग करने वालों को आवश्यक रूप से स्क्रीनिंग करवाते रहना चाहिए।

असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर स्क्रीनिंग एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क है। ओरल कैंसर मुंह के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। जिनमें मसूड़े, जीभ, गालों के अंदर या होंठ शामिल हैं। वर्तमान में देश में हर साल 12 से 13 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू से होने वाली बीमारियों से होती है । मध्य प्रदेश में 37 प्रतिशत जनसंख्या द्वारा किसी ना किसी रूप में तम्बाकू का सेवन किया जा रहा है। तंबाखू से कई तरह के कैंसर का खतरा होता है। मुंह के कैंसर के प्रकरण सर्वाधिक भारत ही हैं। भारत में कैंसर के कुल पीड़ितों में 18 से 20 प्रतिशत लोगों को ओरल कैंसर होता है। तंबाकू के बढ़ते खतरे का असर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं युवा वर्ग में तेजी से फैल रहा है। साथ ही पुरुषों के साथ युवा महिला वर्ग में भी इसका सेवन तेजी से बढ़ रहा है। तंबाकू में मौजूद निकोटीन शरीर में जहर की तरह कार्य करता है। भारत सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों के उपभोग को हतोत्साहित करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार वाणिज्य उत्पादन आपूर्ति एवं वितरण के विज्ञापन एवं विनियमन निबंध) अधिनियम कोटपा 2003 लागू किया गया है। अतः यह नागरिकों के हिट में है कि वे स्वयं तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहें तथा बच्चों और किशोरों को इसकी तरफ जाने से रोकें। किसी भी तरह की शंका होनें या लक्षण दिखाई देनें पर चिकित्सकीय जाँच अवश्य करायें।

# विज्ञापनों के सम्बन्ध में आयोग ने जारी किए दिशा - निर्देश

**श्योपुर,** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे।

आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए है कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नही किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए।

# महावीर जयंती के अवसर पर नगर में निकली रथयात्रा, हुआ स्वागत





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । इस दौरान भगवान महावीर स्वामी ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया।

जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक रमाशंकर जैन लाला ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पुनीत एवम पावन पर्व पर भगवान महावीर स्वामी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड बाजे, नगाड़ों के साथ घोड़ों पर सवार ध्वज वाहक चल रहे थे। साथ ही जैन सिद्धांतों पर आधारित झाकियां जैन धर्म का यशोगान करती हुई चलायमान थीं। चल समारोह में अधिकांश पुरुष सफेद वस्त्र धारण किए हुए

## विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

थे। सभी के गले में पीत पट्टिका एवम सिर पर सफेद जय जिनेंद्र की टोपी शोभायमान हो रही थी। महिलाएं केसरिया साड़ी में महावीर स्वामी का गुणगान करती हुई भक्ति भाव के साथ जय जयकार करती हुई चल रहीं थीं। डीजे पर भगवान की स्तुति एवम भजन चल रहे थे, जिनपर युवावर्ग अत्यंत शालीनता के साथ भक्ति नृत्य कर रहे थे।

रथ पर सवार महावीर भगवान के रथ को युवा वर्ग अपने हाथों से खींच रहे थे। बड़ा जैन मंदिर मुरेना से रथ यात्रा प्रारंभ होकर गोपीनाथ की पुलिया, जीवाजी गंज, राम जानकी मंदिर, एमएस रोड, सदर बाजार, स्टेशन रोड, शंकर बाजार, लोहिया बाजार भ्रमण करता हुआ बड़े जैन मंदिर पहुंचा। स्थान-स्थान पर भगवान महावीर स्वामी की आरती उतारी गई। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा के बड़ा मंदिर पहुंचने पर भगवान महावीर स्वामी को पांडुक शिला पर विराजमान कर इंद्रो द्वारा भगवान का जलाभिषेक एवम शांतिधारा की गई। श्री जिनेंद्र प्रभु की विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के पश्चात सकल जैन समाज का वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। महोत्सव के प्रथम दिन पूर्व पुरानी कलेक्ट्रेट पर स्थापित कीर्ति स्तंभ पर जन जागरण श्री जिनवाणी यात्रा पहुंची। भक्तामर विधान एवम भजन संध्या का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन प्रातः प्रभातफेरी निकाली गई। शाम को इंद्र सभा का आयोजन कर कुंडलपुर की रचना के साथ माता के सोलह सपने दिखाए गए। शाम को बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी का पालना झुलाया गया । जिसमें सभी भक्तों ने भाग लिया।

# विकास की हर गारंटी पूरी करेंगे पीएम नरेन्द्र मोदी: शिवमंगल सिंह





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा के शासन में तेजी से विकास हुआ है। जनता फिर से भाजपा को आशीर्वाद दे, जिससे नरेन्द्र मोदी आमजन के विकास की हर गारंटी को पूरा कर सकें और भारत विश्व गुरू बनने के पथ पर अग्रसर हो। यह बातें, मुरैना-श्योपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने कहीं। उन्होंने रविवार को मुरैना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री तोमर ने रविवार को मुरैना विस के ग्राम जयनगर चौखूंटी, ओरूआ का पुरा, प्यारे सिंह का पुरा, बनी, नाऊपुरा, गुलेन्द्रा, गुलेन्द्री, इन्द्रखी, खिरावली, पढ़ावली, मितावली, सिलगिला, नौगांव सहित अन्य गांवों में सघन जनसंपर्क किया, इस दौरान कई जगहों पर नुक्कड़ सभाएं भी हुईं।

सभाओं में भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर ने

## भाजपा प्रत्याशी ने अनेक ग्रामों में किया सघन जनसंपर्क

कहा कि विगत 10 साल में मुरैना विधानसभा में चहुंमुखी विकास हुआ है। पढ़ावली-परीक्षा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके पूरा होने से किसानों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। रिठौरा में डिग्री कॉलेज खुलने से छात्र-छात्राओं को अब ग्वालियर, मुरैना नहीं जाना पड़ेगा। सिलगिला गांव में पीएम राईज स्कूल और शनि मंदिर पर कॉरिडोर के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। नुक्कड़ सभाओं में श्री तोमर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना जैसी योजनाओं से किसान, युवा, महिलाओं को सशक्त बनाने और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाने के लिए आगामी 7 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

जनसंपर्क के दौरान शिवमंगल सिंह तोमर के साथ पूर्व विधायक राकेश मावई, रघुराज कंषाना, हमीर सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्यगण केशव सिंह गुर्जर, ऐंदल मावई, अतेन्द्र गुर्जर, नगर निगम मुरैना के पार्षद योगेन्द्र मावई, केदार सिंह कुशवाह, रविन्द्र किरार, जयप्रकाश पाठक, राकेश श्रीवास्तव, सोनू मावई, गजेन्द्र मावई आदि मौजूद थे।

***पूर्व विधायक स्व. मावई की प्रतिमा पर किया माल्यापर्ण***

जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर पूर्व विधायक स्व. सोबरन सिंह मावई के पैतृक गांव चौखूंटी पहुंचें। यहां उन्होंने स्व. मावई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन् किया।

# निरार पुलिस के हत्थे चढ़ा अवैध हथियारधारी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अवैध हथियार तस्करों एवं निर्माताओं, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, स्थायी वारंटियों एवं ईनामी फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु संपूण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी कैलारस रवि सोनेर के कुशल मार्गदर्शन में उनि शम्भुदयाल बाथम थाना प्रभारी निरार को दिनांक 21.04.2024 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मौटियापुरा के आगे पुलिया के पास अवैध हथियार लिये वारदात करने की नियत से खड़ा हुआ है। मुखबिर की उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी निरार मय हमराह बल के मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर चैकिंग की गई तो मुखबिर के बताए हुलिए का




एक व्यक्ति को पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह बल की मदद से घेरकर पकड़ा एवं तलाशी ली तो उसके पास से एक लोडेड 315 बोर का देशी हाथ का बना कट्टा मिला, जिसके राउण्ड को खोलकर अलग किया तो 315 बोर का एक जिन्दा राउण्ड मिला। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से मौके पर से विधिवत कट्टा व राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं थाना वापसी पर अप.क्र. 21/24 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त सराहनीय कार्य में उनि. शम्भूदयाल बाथम थाना प्रभारी निरार, सउनि जयकिशन, प्रधान आरक्षक माधोसिंह, हरवीर सिंह, आरक्षक शैलेष गुर्जर, मनोज गुर्जर, चन्द्रशेखर, हेमन्त मीणा, बीरेन्द्र सिंह, शिवशंकर की सराहनीय भूमिका रही है।

## सींगपुरा में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिले में स्वीप की गतिवधियां संचालित की जा रही है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना पोरसा की परियोजना अधिकारी सपना यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सींगपुरा में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिससे सभी मतदाता अपने मत का शतप्रतिशत मतदान करे। मानव श्रृंखला में सींगपुरा ग्राम पंचायत के साथ-साथ नजदीक की ग्राम पंचायतों के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# भगवान महावीर के उपदेश जीवनस्पर्शी है: अखिल माहेश्वरी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** विगत दिवस जौरा नगर में भगवान महावीर की जैन धर्मावलंबियों ने 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की एक विशाल रथयात्रा चल समारोह का आयोजन किया गया। नगर में जैन धर्मावलंबियों द्वारा निकाली गई। भव्य रथयात्रा का का जगह-जगह सभी लोगों ने नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के नेतृत्व में इस भगवान महावीर की रथयात्रा चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब विश्व में हिंसा का बोलबाला था, उस समय महावीर ने



जन्म लिया और विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए सभी कुरीतियों को खत्म किया। सभी मानवों को जियो और जीने दो का मूलमंत्र दिया। इसी मंत्र से समग्र विश्व में शांति की स्थापना हुई और सर्व समाज के व्यक्तियों ने अहिंसा को अपनाकर सुख और शांति से जीवन यापन करने लगे। महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है। महावीर के उपदेश जीवनस्पर्शी हैं, जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। 'जियो और जीन दो' जैन पंथ का मूलमंत्र है। जैन पंथ में अहिंसा, कायरों का शस्त्र नहीं, वीरों का शस्त्र है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की मंगल भावना, अहिंसा का अमूल्य विचार है।

# आसक्ति, स्वार्थ, क्रोध, लोभ एवं अहंकार से की सेवा निरर्थक: कमल दास जी

**- न्यास में राम कथा में सीताराम जी का हुआ विवाह, रोहित और श्रुतिका पधारे सीताराम जी के रूप में - शिव सिंह को मिला नि:शुल्क दाँतों का सेट, - विष्णु जी एवं पूनम ने लगाया भगवान का भोग, डॉ. एस.के. गुप्ता ने दान किये कपड़े, -बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी, सूट एवं चश्मे**





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई। इसके साथ ही 230 मरीजों ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया। विषय बार मरीजों की संख्या इस प्रकार रही- दन्त रोग 75 स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 69, नाक, कान, गला 42, सर्जरी 37, अस्थि रोग 42, नैत्र रोग 16, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट 01, ब्लड प्रेसर की जाँच 34, ई.सी.जी 01, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 35, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 17, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 23, एम्स में पंजीयन 0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष में- दांत शल्य क्रिया 50, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायरिया का इलाज 16, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमें आँखों की जाँच 11 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. बी.एल. राजपूत, डॉ. उमंग गुप्ता, डॉ. प्रगति शर्मा, प्रदीप शर्मा, आस्था अवस्थी, जूली प्रजापति, कलावती, राजश्री, कस्तूरी, प्रेमवती, मनीराम, अनुपम जी, भगवान डंडोतिया, रमेश बाऊजी, सुरेश महेश्वरी, श्याम शर्मा, दीपू तोमर, पवन शर्मा, मयूर अग्रवाल, होत्तम, प्रकाश, अभिषेक, रामहेत आदि ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं।

प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना इलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद

## परमार्थ शिविर में 230 मरीज और 25 सेवक हुए उपस्थित

रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया।

आज परमार्थ न्यास में कमल दास जी पधारे। आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि दूसरों के प्रति निःस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में कामयाबी का मूलमंत्र है। निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है। हमें अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हुए कामयाबी के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। सेवारत व्यक्ति सर्वप्रथम अपने, फिर अपने सहकर्मियों व अपने सेवायोजक के प्रति ईमानदार हो। इन स्तरों पर सेवा भाव में आई कमी मनुष्य को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाती है। सेवा भाव ही मनुष्य की पहचान बनाती है और उसकी मेहनत चमकाती है। सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। ठीक इसी तरह खूबसूरत लोग हमेशा दयावान नहीं होते, लेकिन दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं, यह सर्वविदित है। सामाजिक, आर्थिक सभी रूपों में सेवा भाव की अपनी अलग-अलग महत्ता है। बिना सेवा भाव के किसी भी पुनीत कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। सेवा भाव के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के साथ ही आम लोगों को भी उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। असल में सेवा भाव आपसी सद्भाव का वाहक बनता है। जब हम एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव रखते हैं तब आपसी द्वेष की भावना स्वतः समाप्त हो जाती है और हम सभी मिलकर कामयाबी के पथ पर अग्रसर होते हैं। सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस विश्व में नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हमारे अंतिम सेवा काल तक सेवा ही एक मात्र ऐसा आभूषण है, जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। बिना सेवा भाव विकसित किए मनुष्य जीवन को सफल नहीं बना सकता। हम सभी को चाहिए कि सेवा के इस महत्व को समझें व दूसरों को भी इस ओर जागरूक करने की पहल करें।

आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

जर्मनी से आए हुए रोहित का विवाह श्रुतिका के साथ 18 तारीख को ओरछा में सम्पन्न हुआ था। आज राम कथा में भगवान सीताराम जी का विवाह हुआ था उसी भावानुसार श्रुतिका ने जानकी जी के रूप में रोहित को राम जी के रूप में वरमाला पहनाई, पुष्पों की वर्षा हुई मंगल गीत गाए गए। सभी मरीजों एवं सेवकों ने उन्हें बधाई दी ।

# सुदामा चरित्र के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** श्री नागाजी सरोवर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को व्यास जी के द्वारा सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। बताया गया कि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण था, जो अपने परिवार की पांच घरों में भिक्षा मांग कर पालन पोषण करता था। कभी-कभी भरपूर भूषण मिलने के कारण सुदामा के बच्चे भूखे पेट ही सो जाते थे। पत्नी सुशीला के कहने पर अपने बाल सखा मित्र कृष्ण से मिलने के लिए कहती थीं, परंतु सुदामा वहां जाने के लिए तैयार नहीं था। उसका कहना था कि हमारे मित्र कृष्णा बहुत बड़े राजा हैं और मैं एक निर्धन ब्राह्मण हूं। मैं उनके यहां कैसे जा सकता हूं। पत्नी के बार-बार समझाने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए तैयार हो गए। सुदामा ने पत्नी से कहा कि मित्र के यहां गुरु के यहां जाने पर कुछ ना कुछ लेकर जाना चाहिए, परंतु हमारे यहां तो कुछ नहीं है। पत्नी सुशीला



पड़ोस के घर में जाकर दो मुट्ठी चंदूल मांग कर ले आई और एक छोटी-सी पोल्ट्री बनाकर सुदामा को दे दी और कहा कि अपने मित्र से कहना कि यह उपहार तुम्हारी भाभी ने भेजा है। सुदामा वहां से चले तो कई दिनों तक अपने गांव से बाहर नहीं हो सके, वहीं पर चलते रहे और सोच कि इस तरह तो मैं जीवन भर भी द्वारकापुरी नहीं पहुंच सकता हूं। उधर कन्हैया बैलगाड़ी लेकर सुदामा से आग्रह कर बैलगाड़ी में बैठा लेते हैं और आगे चलकर समुद्र के किनारे छोड़ देते हैं। अब सुदामा समुद्र को पर कैसे करें, जो कृष्ण भगवान नव लेकर आ जाते हैं। सुदामा से कह दिया तुम्हें कहां जाना है। सुदामा कहते हैं जहां विराजी राधा रानी अलबेली सरकार मुझे तू ले चल परली पार इस तरह सुदामा द्वारकापुरी पहुंच जाते हैं और वहां पर कृष्ण के महल का रास्ता पूछ कर पहुंच जाती है। फ्रंट में दरवाजे पर द्वारपालों ने अंदर जाने से रोक दिया। सुदामा ने कहा कृष्णा हमारे बाल सखा हैं, हमारे मित्र हैं, हमें उनसे मिलना है। द्वारपालों ने यह समाचार कृष्ण को जाकर बताया कि आपका कोई सुदामा नमक बाल सखा अत्यंत गरीबी की हालत में बाहर दरवाजे पर खड़ा है। कृष्ण ने सुदामा का नाम सुनकर दरवाजे की तरफ दौड़ लगा दी और सुदामा को गले लगा लिया। देख सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणा निधि हुए पानीपत को हाथ छुआ नहीं नैनन के जलसों पग दोहे।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक कमलेश सुमन ने थामा फूल का दामन



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** अम्बाह विधानसभा के पूर्व विधायक कांग्रेस पार्टी के नेता कमलेश सुमन ने अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता के समक्ष सदस्यता गृहण की एवं श्री मोदी के लोकसभा में 400 पार के संकल्प को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक अनूप भदौरिया, वरिष्ठ नेता महेश सिंह तोमर, पूर्व सरपंच भीकम सिंह बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुमावली पुलिस ने दबोचा अवैध कट्टाधारी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अवैध हथियार तस्करों एवं निर्माताओं, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, स्थायी वारंटियों एवं ईनामी फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर



के निर्देशन एवं एसडीओपी बानमोर आदर्शकांत शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में उनि. सुखदेव सिंह चौहान थाना प्रभारी सुमावली को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की दुल्हेनी तिराहे के पास एक व्यक्ति अवैध कट्टा लिये वारदात करने की नीयत से खड़ा हुआ है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी सुमावली मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर चैक किया गया तो मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड मिला, जिसे मौके पर से जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# स्व. राजकुमार बंसल सच्चे भाजपा जनसेवक थे, उन्होंने पूरा जीवन पार्टी की सेवा की : प्रभात झा

## - स्व. राजकुमार बंसल को तृतीय पुण्य स्मरण पर दी पुष्पांजलि

**ग्वालियर।** स्व. राजकुमार बंसल भारतीय जनता पार्टी के सच्चे जनसेवक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी की सेवा में लगाया। कार्यकर्ताओं से उनका असीम लगाव था। वह हर किसी की मदद के लिये सदैव तैयार रहते थे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा ने स्व. राजकुमार बंसल के तृतीय पुण्य स्मरण पर स्व. बंसल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहीं। इस अवसर पर स्व. बंसल के सुपुत्र धीरज बंसल, पंकज बंसल सहित बंसल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



स्व. राजकुमार बंसल के तृतीय पुण्य स्मरण पर पुष्पांजलि एवं पटा का आयोजन किडिज कार्नर स्कूल नया बाजार पर शनिवार को किया गया था। स्व. बंसल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुये पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा ने कहा कि स्व. बंसल बेहद ही सरल और मिलनसार व्यक्ति थे। वह पार्टी जनसेवक के साथ ही समाज की सेवा में भी अग्रणी रहे। वह पार्टी कार्यकर्ताओं को भी पूरा सम्मान देते थे। जीबी पंत अस्पताल दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. जमाल युसूफ ने भी स्व. बंसल के साथ की अपनी भेंट को स्मरणीय बताते हुये पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। भाजपा के स्थानीय सांसद विवेक शेजवलकर, गंगादास की शाला के रामदास महाराज, काली माता मंदिर के महंत, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता लोकेन्द्र पाराशर, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, जिला महामंत्री विनय जैन, राजू पलैया, निगम सभापति मनोज तोमर, चेम्बर अध्यक्ष डा. प्रवीण अग्रवाल, कैट के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, बृजेन्द्र सिंह जादौन लालजी, प्रीतम सिंह बघेल, गजेन्द्र अष्ठाना, शिवेन्द्र सिंह राठौर, पूर्व सीएमओ मनीष शर्मा, दीपक अग्रवाल, नूतन श्रीवास्तव, भाजपा नेता नरेश गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री विनोद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी विजय गर्ग, देवेश शर्मा, अन्नू उपाध्याय, आलोक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, अजय मिश्रा, रामकिशन कटारे, रवि उपाध्याय, रविकांत दुबे सहित हजारों लोगों ने स्व. बंसल को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वहीं पटा अवसर पर प्रसादी भी लोगों ने ग्रहण की।

# सिंधिया कन्या विद्यालय की छात्राओं को बताया जल का महत्व

**ग्वालियर।** जल संरक्षण व पुराने जल स्त्रोतों के प्रति जागरूकता को लेकर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन राज्य शाखा की भोपाल से निकली बाइक रैली ने सिंधिया कन्या विद्यालय की छात्राओं के बीच पहुंचकर जल की महत्वता को बताया।



ग्वालियर यूथ हॉस्टल के सचिव रामनारायण मिश्रा ने बताया कि भोपाल से चलकर 1250 किमी का सफर तय कर बाइक रैली ग्वालियर पहुंची। ग्वालियर के पुराने जल स्त्रोत व पानी को कैसे संरक्षित किया जाये। इस पर विस्तृत रूप से एसोसिएशन के राष्ट्रीय चेयरमैन मनोज जौहरी ने सभी छात्राओं को समझाया व उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर स्कूल के खेल अधिकारी सुमन चौधरी सहित अनेक टीचर उपस्थित रहे। उसके पूर्व प्रथम बार ग्वालियर पधारे नेशनल चौयरमेन का सम्मान ग्वालियर इकाई द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में समीक्षा गुप्ता, सिंधिया स्कूल फोर्ट के प्रिंसिपल अजय सिंह, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के डारेक्टर आलोक शर्मा, डॉ. एन एन लाहा ने शॉल, श्रीफल, माला स्मृति चिन्ह से जौहरी का सम्मान किया। इस अवसर पर गौरव सिंघल, सुनील राय,संजू कुरुषवानी, सतीश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय एडवेंचर प्रोग्राम में भाग लेने वाले सदस्यों को मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में यूनिट के चंद्रशेखर बरुआ, सुमन चौधरी, भूपेंद्र शर्मा, सुनील सोनी, बदल मजूमदार, उमाकांत सिंघल, संतोष दास, विजय अग्रवाल, जयदेव गुप्ता, दुर्गेश चौरसिया, वैभव सिंघल, नैतिक सिंघल, रविन्द्र राजपूत सहित अनेक सदस्य उपस्थित हुये। आभार भूपेंद्र शर्मा ने व्यक्त किया। अंत मे राष्ट्रगान के साथ सभा विसर्जन की गई।

## दो कन्याओं को शादी में सामान भेंट किया



**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर कन्या कुमारी रेखा कुशवाह एवं कुमारी शिवानी कुशवाह के विवाह में रविवार को एक कूलर, एक डिनर सेट, 5 साड़ियां, एक दीवान, गद्दा, चादर, पेंट, शर्ट, ट्राली बेग, तकिए, चांदी के पायल व बिछिए, चार कुर्सियां व टेबल का सेट कपड़े व बर्तनों का सहयोग स्वरूप भेंट किये। वहीं समाजसेवी देवेंद्र शिवहरे, श्रीमती रूपल शिवहरे द्वारा दोनों कन्याओं को सोने के टॉप्स भेंट किये। कार्यक्रम में श्रीमती मेघना सिंघल, उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, सरल विवाह संयोजक संजय धवन, अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रजापति, सचिव पंकज शर्मा, महेश गौतम, पन्नालाल निरंकारी, महेश जैसवाल, महादेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश धीमान, विजय भवानी, देवेंद्र शिवहरे, आशीष गुप्ता, भूपेंद्र शर्मा, अजय अरोरा, महेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मधु धवन, पुष्पा प्रजापति, अंजली रजक आदि उपस्थित थे।

# स्व. इंदापुरकर एक आदर्श स्वंयसेवक थे : अनिल ओक

## - निःशुल्क सुपरस्पेशलिटी शिविर आयोजित

**ग्वालियर।** जीवन में हजारों लाखों लोग सफल होते है। लेकिन सफलता उनके स्वंय तक ही समिति होती है। आपने जीवन में कार्य करते हुए समाज को क्या दिया यह जरूरी है। यह बात रविवार को आरोग्यधाम चिकित्सालय में पूर्व महापौर एवं पूर्व विधायक स्व. माधव शंकर इंदापुरकर की स्मृति में आयोजित निःशुल्क सुपरस्पेशलिटी शिविर के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आईएएस अधिकारी आर.के जैन व अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के विभाग संघ चालक प्रहलाद सबनानी ने की।



अनिल ओक ने स्व. इंदापुरकर का उल्लेख करते हुए कहा कि वे एक आदर्श स्वंय सेवक थे, जिनका सम्पूर्ण जीवन ईमानदारी, सुचिता और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। आर.के जैन ने कहा कि मैंने इस प्रकल्प को शुरूआत से देखा है और आज यह प्रकल्प वट वृक्ष के रूप में खड़ा हो चुका है। उन्होंने स्व. इंदापुरकर के साथ बिताए हुए समय के अपने अनुभवों को भी साझा किया। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग संघ चालक प्रहलाद सबनानी ने कहा कि आज भारत दुनिया में मेडिकल टूरिज्म के रूप में उभर रहा है, क्योंकि भारत में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा न्यूनतम दर पर उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे अंचल में आरोग्यधाम चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र भी लोगों को सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं के साथ न्यूनतम दरों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 160 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया गया। जबकि 145 मरीजों की जांचे भी न्यूनतम दरों पर की गई और मधुमेह की जांच निःशुल्क की गई। इस अवसर पर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, सभापति मनोज तोमर, पूर्व सभापति लालजी जादौन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर, आरोग्यधाम संचालन समिति के अध्यक्ष मनोज सिंघल, सचिव अनूप अग्रवाल, विष्णु जैन, सुरेश गुप्ता, मधुकर खंडालकर स्वदेश के प्रबंध संचालक यशवर्धन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन न्यासी मधुसूदन सिंह भदौरिया एवं आभार कुंअर सिंह कुशवाह ने व्यक्त किया।

## रुद्र महायज्ञ के समापन पर बांटे जाएंगे रुद्राक्ष


**ग्वालियर।** श्री बालाजी मठ मंदिर लोकन्यास द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा और श्री रुद्र महायज्ञ का समापन मंगलवार को किया जाएगा। श्री रुद्र महायज्ञ के समापन पर धूमेश्वर धाम के महंत मंडलेश्वर अनिरुद्ध वन महाराज महायज्ञ में मौजूद भक्तों को रुद्राक्ष वितरित करेंगे।



जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में वातावरण को पुष्ट करने के लिए यज्ञ में आहुतियां डाली गई। यज्ञ में न्यास के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे और सचिव ज्योति दुबे ने भक्तों के साथ आहुतियां दी। वेदाचार्य पं. चेतन शर्मा ने यज्ञ में वेदमंत्रों के साथ आहुतियां डलवाई। वहीं कथावाचक पं. रामनरेश उपाध्याय ने रविवार को पांच आवरण पूजा, सृष्टि विस्तार और शिवपुराण विवेचन की कथा सुनाई।

## मितेन्द्र दर्शन सिंह कांग्रेस के स्टार प्रचारक बने

**ग्वालियर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा द्वारा मध्यप्रदेश लोकसभा के तीसरे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। जिसमें ग्वालियर के मितेंद्र दर्शन सिंह को भी स्टार प्रचारकों की सूची में स्थान दिया है। मितेंद्र दर्शन सिंह 9 अप्रैल को ही यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं।



मितेंद्र दर्शन सिंह जब से प्रदेश अध्यक्ष बने हैंद्य तभी से प्रदेश के दौरे पर हैं। स्टार प्रचारक बनाने के पीछे चुनाव में विभिन्न क्षेत्रों से प्रचार के लिए मांग और मंच से अपने भाषणों से जनता को प्रभावित करते रहे हैं, जिसके चलते कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें स्टार प्रचारक बनाया है।

# विदिशा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को सर्वाधिक मतों से विजयी बनाएंः राजाराम शिवहरे

## त्योंदा, ग्यारसपुर मंडल बैठक सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विदिशा।** विदिशा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भारतवर्ष में सर्वाधिक मतों से विजयी बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने विदिशा लोकसभा के अंतर्गत त्योंदा मंडल, ग्यारसपुर मंडल भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारीयों की बैठक को संबोधित किया। राजाराम शिवहरे ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से निवेदन किया कि आप प्रतिदिन अपने आसपास रहने वाले 10 परिवारों से संपर्क करें और उनसे निवेदन करें कि 07 मई को प्रातः मतदान करें और मतदान भारतीय जनता पार्टी के भाई शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में करें। भारतवर्ष के सशक्त और लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक मतों से विजय बनाने हेतु अपना पूर्ण समय दान कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। यथासंभव संभव 100 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि मोदी जी के सपने को पूरा किया जा सके एवं शिवराज सिंह चौहान को विदिशा लोकसभा से सर्वाधिक मतों से विजयी बनाया जा सके। बैठक में नरेश यादव, निरपत सिंह कुशवाहा, मुकेश चौकसे, तरबत सिंह कुशवाहा, रामबल सिंह कुर्मी, धन सिंह कुशवाहा, रघुवीर सिंह कुर्मी, भारत पटेल, राकेश कुशवाहा, शंकर सिंह कुर्मी, प्रेम सिंह लोधी, लालू खां मंसूरी, जसवंत सिंह ठाकुर, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, निरंजन कुशवाहा, खिलन सिंह कुशवाहा, मनीराम कुशवाहा, बाबूलाल, सचिन कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, कस्तूरचंद यादव, गोपाल सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।



# जाँच के दौरान 3 स्लीपर कोच बसों से 44 लाख की चांदी-पीतल की मूर्तियां मिलीं

## एनएच-44 हाईवे पर अल्लाबेली स्थित एसएसटी चैकिंग पाइंट पर कार्रवाई





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** एनएच-44 हाईवे पर अल्लाबेली स्थित एसएसटी चैक पॉइंट पर पुलिस ने शनिवार की रात को आगरा-दिल्ली से स्लीपर कोच बसों में छुपाकर इंदौर सहित महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरों में भेजी जा रही 15.35 क्विंटल जेवराती चांदी सहित पीतल की मूर्तियां बरामद की है। जब्त की गई जेवराती चांदी एवं पीतल की मूर्तियों की कीमत तकरीबन 44 लाख रूपये बताई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सीएसपी मुरैना राकेश कुमार गुप्ता, सरायछौला थाना प्रभारी निरीक्षक भूमिका दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार-रविवार की रात को अल्लाबेली चौकी पर धौलपुर-आगरा की ओर से आने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की। इसी दौरान पुलिस ने स्लीपर कोच बस क्रं. यूपी78-जेटी-1625 की डिग्गी में रखे कॉर्टन से 134.64 किलोग्राम चांदी जैसी धातु से बनी पायल जब्त की। जिसकी कीमत 12 लाख 10 हजार 800 आंकी गई। एक अन्य स्लीपर कोच बस क्रं. यूपी80-एचटी-2983 से बोरा में छुपाकर रखे कॉर्टन में 47 किलोग्राम वजनी पीतल की मूर्तियां बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने बस क्रं. एएस01-क्यूसी-3512 से 10 कट्टे बरामद किए। इन कट्टों में 500 किग्रा वजनी चांदी की पायल बरामद की गई। जिसका मूल्य 10 लाख 38 हजार रूपये आंका गया है। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक अन्य वाहन एमपी07-सीके-8282 से 18 कट्टों में रखकर ले जाई जा रही 900 किग्रा जेवराती चांदी जब्त की गई। इसकी कीमत 20 लाख 29 हजार 125 रूपये बताई गई है। जब्त की गई जेवराती चांदी और पीतल की मूर्तियों को पुलिस ने एसएसटी टीम के सुपुर्द कर दिया है।

### कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका

सीएसपी राकेश कुमार गुप्ता, निरीक्षक भूमिका दुबे, एसआई सोबरन सिंह यादव, प्र.आर. अनिल भण्डारी, होशियार सिंह, प्र.आर. चालक मोहर सिंह परमार, आरक्षक रोहतास चाहर, रामनिवास, वैभव जादौन, राहुल पवार, एसएसटी टीम के प्रभारी माखन सिंह नरवरिया, एएसआई आरडी गोयल, आर. अवधेश सिंह, बृजेश प्रजापति की कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही है।

# 216 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया नाइट कॉम्बिंग गश्त, अनेक आरोपी दबोचे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस द्वारा दिनांक 20.04.2024-21.04.2024 की मध्य रात्रि को आयोजित रात्रि कॉम्बिंग गश्त के दौरान 153 स्थायी वारंटियों, 93 गिरफ्तारी वारंटियों, 03 ईनामी / फरारी बदमाशों, 126 अन्य अपराधों में वांछित आरोपियों का गिरफ्तार किया गया, साथ ही 94.5 लीटर अवैध शराब, 02 अवैध हथियार जप्त किए गए एवं 39 जिलाबदर आरोपियों की चैकिंग की गई।



पुलिस मुख्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश के नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान के दिशा-निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों को नाइट कॉम्बिंग गश्त आयाजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद सिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 20.04.24-21.04.24 की मध्य रात्रि को मुरैना जिले के समस्त अनुभागों एवं थाना क्षेत्रों में 216 अधिकारियों / कर्मचारियों की उपस्थिति में नाइट कॉम्बिंग गश्त आयोजित किया गया। समस्त अनुविभागीय अधिकारीगण (पुलिस) द्वारा अपने-अपने अनुभाग क्षेत्रों में एवं संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नाइट कॉम्बिंग गश्त किया गया। डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा स्वयं मुरैना शहर में नाइट कॉम्बिंग गश्त किया गया, जिसमें राकेश गुप्ता नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना भी उनके साथ उपस्थित रहे। समस्त थाना क्षेत्रों में आयोजित नाइट कॉम्बिंग गश्त में सम्मिलित कुल 216 अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त के दौरान 153 स्थायी वारंटी, 93 गिरफ्तारी वारंटी, 03 ईनामी / फरारी बदमाश, 126 अन्य अपराधों में वांछित आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई एवं 39 पूर्व से जिलाबदर आरोपियों को भी चैक किया गया। साथ ही नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब, अवैध हथियार की तस्कारी करने वालों एवं उपयोग करने वालों के विरूद्ध निम्नानुसार कार्यवाही की गई हैः-

1. मुरैना पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान 08 आरोपियों के विरूद्ध 08 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से कुल 94.5 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीबन 45,790 /- रूपये की जप्त कर कार्यवाही की गई।
2. मुरैना पुलिस द्वारा अवैध हथियारों तस्करी एवं संग्रह करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए थाना माताबसैया क्षेत्रांतर्गत एवं थाना टेंटरा क्षेत्रांतर्गत रात्रि कॉम्बिंग गश्त क दौरान 02 प्रकरणों में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से 02 अवैध हथियार एवं 02 जिन्दा राउण्ड कुल मशरूका कीमती करीबन 8500/- रूपये का जप्त कर कार्यवाही की गई। यह उल्लेखनीय है कि थाना माताबसैया क्षेत्रांतर्गत अवैध हथियार के साथ पकडे गए आरोपी के विरूद्ध पूर्व से 08 अपराध पंजीबद्ध हैं एवं उक्त आरोपी का नाम थाना क्षेत्र के गुंडा रजिस्टर में भी दर्ज है।

# शादी समारोह में शामिल होने आया छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अम्बाह के लंगड़या गांव से शादी समारोह में शामिल होने बाइक से मुरैना पहुंचा बीटेक का छात्र अचानक लापता हो गया। पुलिस ने उसकी बाइक को अंबाह बायपास रोड से बरामद किया है। परिजन की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।





जानकारी के अनुसार अंबाह थाना क्षेत्र के ग्राम लंगड़या निवासी उमेश प्रजापति 20 पुत्र रामगोविंद प्रजापति इन दिनों ग्वालियर में बी.टेक की पढ़ाई कर रहा था। कुछ दिनों पहले उमेश ग्वालियर से अपने गांव पहुंचा था। विगत 17 अप्रैल को मुरैना में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उमेश अपने जीजा के छोटे भाई राज प्रजापति 19 पुत्र बाबूराम प्रजापति नि. दौनियापुरा गोरमी जिला भिण्ड के साथ बाइक लेकर मुरैना आया था। मुरैना शहर के गल्लामंडी क्षेत्र में आयोजित शादी में शामिल होने के बाद उमेश ने राज को गल्लामंडी में 10 मिनट इंतजार करने की बात कही और बाइक लेकर वहां से निकल गया। जिसके बाद देर रात तक उमेश नहीं लौटा। तब राज ने परिवारीजनों को सूचना दी। पुलिस को उमेश प्रजापति की बाइक लावारिस अवस्था में अंबाह बायपास रोड पर खड़ी मिली है। राज प्रजापति की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**मुरैना।** रिठौराकलां थाना पुलिस ने शनिवार को अरदौनी गांव में रहने वाले आशु पुत्र राजवीर सिंह गुर्जर को उसके घर से पकड़ा। पुलिस ने आशु के घर से देशी शराब की 6 पेटियां जब्त कीं। जिसका बाजारू मूल्य 27 हजार रूपये बताया गया है। दिमनी में पवन सिसौदिया नि. चांदपुर को 18 क्वार्टर, बागचीनी में जितेन्द्र कुशवाह नि. बरौली को 61 क्वार्टर, रिंकू कुशवाह नि. धन्नूपुरा को 46 क्वार्टर, माताबसैया में डोंगरसिंह कुशवाह नि. खेड़ा को 20 क्वार्टर, नगरा में भूरा बघेल नि. नयापुरा कीचौल को 27 क्वार्टर, जौरा में लक्ष्मण कुशवाह नि. अगरौता को 34 क्वार्टर के साथ

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।